07 अप्रैल 2025
रविवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



सड़क हादसा में 2 मासूम की मौत, 3 गंभीर रूप से जख्मी, चल रहा है इलाज

2



# रामनवमी पर पीएम मोदी की बड़ी सौगात: रामेश्वरम में पंबन ब्रिज का किया उद्घाटन

## दिया तोहफा...

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थाईलैंड और श्रीलंका का दौरा समाप्त करने के बाद अब मिशन तमिलनाडु पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने रामेश्वरम पहुंचकर हाईटेक पंबन ब्रिज का उद्घाटन किया। इस दौरान रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इससे पहले, पीएम मोदी ने सड़क पुल से एक ट्रेन और एक जहाज को हरी झंडी दिखाई, और पुल के संचालन को देखा तथा जानकारी ली। रामनवमी के मौके पर देश को यह हाईटेक सी-ब्रिज मिल गया है।



नए पंबन रेल ब्रिज के उद्घाटन के दौरान, पीएम मोदी ने कहा कि यह पुल तमिलनाडु के मंडपम रेलवे स्टेशन को रामेश्वरम रेलवे स्टेशन से जोड़ता है और यह देश का पहला वर्टिकल सस्पेंशन ब्रिज है। इसके बाद, पीएम मोदी रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा करने गए। जहां उन्होंने मंदिर के दर्शन किए। इसके साथ ही, उन्होंने रामेश्वरम में 8,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। श्रीलंका से लौटते वक्त पीएम मोदी ने रामसेतु के दर्शन का एक वीडियो साझा किया। उन्होंने लिखा कि आज रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीलंका से वापस आते समय आकाश से रामसेतु के दिव्य दर्शन हुए। यह देश के लिए एक बड़ी सौगात है।

## ब्रिज की लिफ्ट खुलने में लगता है पांच मिनट और 30 सेकंड

ईश्वरीय संयोग से जिस समय मैंने रामसेतु के दर्शन किए, उसी समय मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के दर्शन का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। मेरी प्रार्थना है कि प्रभु श्रीराम की कृपा हम सभी पर बनी रहे। नए पंबन रेलवे ब्रिज का निर्माण कार्य पिछले साल नवंबर में पूरा हुआ था। यह पुल, जो पहले 1914 में बना था, अब एक नए रूप में तैयार हुआ है। यह भारत का पहला समुद्र के ऊपर बना रेल पुल था। 111 साल बाद, अब यह पुल एक नए कलेवर में तैयार है। पुराने पुल के तारों को नए पुल से जोड़ा गया है। यह पुल तमिलनाडु के मंडपम को रामेश्वरम द्वीप से जोड़ता है और ब्रिटिश काल में बना था। 100 साल से भी अधिक समय तक यह पुल सेवा में था, लेकिन समंदर की लहरों और समय के असर के बाद 2022 में इसे बंद कर दिया गया था। अब यह नया पुल पुराने पंबन पुल के समानांतर है। समुद्री यातायात को सुविधाजनक बनाने के लिए, पुल पर बना रेलवे ट्रैक का एक हिस्सा 17 मीटर ऊपर उठ सकता है, जिससे जहाजों को नीचे से गुजरने का रास्ता मिलता है। नए पंबन ब्रिज की लिफ्ट को खुलने में 5 मिनट और 30 सेकंड लगते हैं, जबकि पुराने ब्रिज की स्विंग को खुलने में 35 से 40 मिनट का समय लगता था। अगर हवा की गति 58 किमी प्रति घंटे से अधिक हो जाती है, तो ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही रोक दी जाती है। इससे इस समस्या का निदान हो जाएगा। आवागमन में काफी राहत मिलेगी।

## यह भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम नवमी के दिन रामेश्वरम पहुंचकर ऐतिहासिक पंबन ब्रिज को देश को समर्पित कर दिया। तमिलनाडु में करीब साढ़े पांच सौ करोड़ की लागत से बने पंबन रेलवे सी ब्रिज, जिसे भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज बताया जा रहा है। इस पुल का निर्माण 110 साल से भी पुराने पंबन पुल की जगह किया गया है। पंबन ब्रिज केवल एक पुल नहीं, बल्कि साहस, धैर्य और कठिनाइयों को पार करने की पूरी कहानी है।दरअसल, भारत के दक्षिणी सिरे पर स्थित रामेश्वरम एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थान है, जो पवित्र श्रीराम के नाम से जुड़ा हुआ है। यह समुद्र के एक छोटे से टुकड़े पर स्थित है और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक प्रमुख मार्ग है। लेकिन, इस द्वीप को मुख्य भूमि से जोड़ने के लिए कोई स्थायी संपर्क मार्ग नहीं था। पंबन ब्रिज, जिसे हम आज जानते हैं, इस समस्या का समाधान था, और इसके निर्माण की कहानी साहस, संघर्ष और धैर्य की है। 19वीं सदी के अंत में, रामेश्वरम का विकास धीमा था क्योंकि यह मुख्य भूमि से जुड़ा नहीं था। लोग नावों के माध्यम से यात्रा करते थे, लेकिन यह यात्रा असुरक्षित थी। समुद्र की लहरों के कारण नावों की यात्रा कभी-कभी खतरे में पड़ जाती थी। रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ने के लिए एक स्थायी पुल का निर्माण किया जाए। ब्रिटिश सरकार ने 1873 में इस पुल का निर्माण करने का निर्णय लिया। यह न केवल एक भौतिक संरचना थी, बल्कि यह एक सपना था।

## खबरें फटाफट

### मंत्री माणिकराव ने महाराष्ट्र के किसानों से मांगी माफी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने अपनी विवादास्पद टिप्पणी के लिए रविवार को किसानों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि यह अनजाने में हुआ। अगर किसान मेरी टिप्पणी से अपमानित महसूस कर रहे हैं और उनकी भावनाएं आहत हुई हैं, तो मैं उनसे माफी मांगता हूं। कृषि मंत्री कोकाटे ने हाल ही में किसानों को लेकर विवादास्पद टिप्पणी की थी। उन्होंने दावा किया था कि किसान कृषि योजनाओं से मिले धन इच्छित उद्देश्यों के लिए खर्च नहीं करते हैं। इसके बजाय, वह इस धन का उपयोग सगाई समारोहों और शादियों में करते हैं। रामनवमी के अवसर पर रविवार को कृषि मंत्री कोकाटे नासिक के बहुचर्चित कालाराम मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने पहले दर्शन किए और बाद में किसानों से माफी मांगी। कोकाटे ने कहा कि यह अनजाने में हुआ। अगर किसानों को अपमानित महसूस हुआ और उनकी भावनाएं आहत हुईं, तो मैं उनसे माफी मांगता हूं। एनसीपी मंत्री कोकाटे नासिक में सिन्नर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं। सरकार ने अधिकारियों को फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने का आदेश दिया है। सरकार निश्चित रूप से किसानों को मुआवजा देगी।

## सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन किया जारी

# वक्फ संशोधन विधेयक कानून पारित संसद के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने दी मंजूरी

◆ राज्यसभा में 128 सदस्यों ने समर्थन दिया था, जबकि 95 ने किया था इसका विरोध, लंबी बहस के बाद मिली मंजूरी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

संसद के दोनों सदनों में मैराथन चर्चा के बाद यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट एंपावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट विधेयक (उम्मीद) 2025 राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बन गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस विधेयक को शनिवार देर रात अपनी मंजूरी दे दी। इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद सरकार ने अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित कर दिया। इस विधेयक को लोकसभा ने 3 अप्रैल और राज्यसभा ने चार अप्रैल को पारित किया था। इस कानून में कई नए प्रावधान जोड़े गए हैं। इस कानून में कई प्रावधानों में संशोधन किया गया है। इसके तहत वक्फ बोर्ड अब किसी भी संपत्ति पर मनमाने तरीके से दावा नहीं कर सकता है। मुस्लिम संगठनों का विरोध, सुप्रीम कोर्ट में 6 याचिकाएं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) बिल को मंजूरी दे दी। सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया। इस पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों में हो रहे पक्षपात, दुरुपयोग और अतिक्रमण को रोकना है। इस बिल (अब कानून) को राज्यसभा में 128 सदस्यों ने समर्थन दिया था, जबकि 95 ने इसका विरोध किया।

अब नए कानून को लागू करने की तारीख को लेकर केंद्र सरकार अलग से एक नोटिफिकेशन जारी करेगी। यह बिल (अब कानून) 2 अप्रैल को लोकसभा और 3 अप्रैल को राज्यसभा में 12-12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। विवाद की स्थिति में अदालत में भी चुनौती दी जा सकती है और पांच साल तक इस्लाम का पालन करने वाला ही वक्फ को संपत्ति दान कर सकता है। इसके साथ ही मुसलमान वक्फ (निरसन) बिल 2024 को भी राष्ट्रपति मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। इसके अलावा आदिवासी बहुल राज्यों और इलाकों में जमीन सहित अन्य संपत्तियों को वक्फ संपत्ति घोषित नहीं की जा सकेगी। इससे पहले कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, असदुद्दीन ओवैसी, विधायक अमानतुल्लाह खान, सिविल राइट्स संगठन एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स और जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी अलग-अलग याचिका लगा चुके हैं।

### सत्यापन सही निकला, तब भूमि वक्फ की ही रहेगी

जो भी संपत्ति में वैध रूप से वक्फ की हैं, सत्यापन सही निकला, तो वह वक्फ की ही रहेगी। बशर्तें की उनकी पहचान विवादित या सरकारी संपत्ति के रूप में न कर ली जाए। वक्फ संपत्तियों पर परिसीमा अधिनियम 1963 अब लागू कर दिया जाएगा। इससे लंबे समय तक चलने वाले अदालती मामले कम जाएंगे। पूरे गांव को वक्फ संपत्ति घोषित करना, मनमाने तरीके से किसी भी संपत्ति को वक्फ की संपत्ति कह कर दावा ठोकने मात्र से संपत्ति वक्फ बोर्ड की नहीं हो सकती। जिन वक्फ संस्थाओं की आमदनी एक लाख रुपये सालाना से ज्यादा है, उनको अपना वार्षिक ऑडिट करवाना होगा। मुतवल्लियों को 6 महीने में केंद्रीय वक्फ पोर्टल पर अपनी संपत्ति का विवरण देना होगा। मुसलमानों ने जो भी ट्रस्ट बनाए हैं, देश के किसी भी कानून के तहत वक्फ की संपत्ति नहीं माने जाएंगे।



### वक्फ बिल पर विपक्ष के नेताओं ने दी प्रतिक्रिया

**राहुल गांधी:** वक्फ बिल मुसलमानों पर हमला करता है और भविष्य में अन्य समुदायों को निशाना बनाने की मिसाल कायम करता है। बिल पास होने के बाद आरएसएस ने अब कैथोलिक चर्च की जमीन पर फोकस कर लिया है। आरएसएस को अपना ध्यान ईसाइयों की ओर मोड़ने में ज्यादा समय नहीं लगा।

**मल्लिकार्जुन खड़गे:** सरकार का इरादा ठीक नहीं है। वक्फ लैंड किसको देंगे यह सामने नहीं आया। व्यापारियों को देंगे... मुझे पता नहीं। अंबानी-अडाणी जैसे लोगों को खिलाएंगे। इसे प्रेस्टीज ईश्यू न बनाएं। यह संविधान के खिलाफ है।

**महबूबा मुफ्ती:** ऐसा नहीं होना चाहिए। यह अल्पसंख्यकों, मुसलमानों की संस्था है और इसे इस तरह से बुलडोजर करना और राज्यसभा में पारित करना, मैं समझती हूं कि यह डाका डालने के बराबर है, जो बहुत गलत है जो नहीं होना चाहिए।

**एनसी सांसद आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी:** भाजपा को मुसलमानों के लिए बोलने का कोई नैतिक या राजनीतिक अधिकार नहीं है और वक्फ विधेयक पारित करके फर-भाजपा शासन ने अपनी मुस्लिम विरोधी, अल्पसंख्यक विरोधी मंशा की पुष्टि की है। आज भारत क्रूर बहुसंख्यकवाद के एक अंधेरे युग में चला गया है।

# भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर मनाया पार्टी स्थापना दिवस

### बोले नड्डा... राष्ट्र प्रथम की भावना पर काम करती है पार्टी



**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी ने अपना 46 वां स्थापना दिवस राष्ट्रीय स्तर पर मनाया। आज के दिन पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय से लेकर प्रदेश कार्यालयों और जिला-ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में पार्टी के पुराने कार्यकताओं को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में पार्टी का झंडा फहराकर कार्यकताओं के साथ जश्न मनाया। उन्होंने कहा कि पार्टी राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करती है और यही कारण है कि आज वह राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ देश के दर्जनों राज्यों में सत्ता में है। दिल्ली में पार्टी की 98 वर्षीय वरिष्ठ कार्यकर्ता शकुंतला आर्या से जेपी नड्डा ने उनके आवास पर जाकर मुलाकात की और उनके निवास पर पार्टी का ध्वज फहराया। नड्डा ने कहा कि ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्ता ही पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार रहे हैं। पार्टी आज जो कुछ भी है, वह इन्हीं कार्यकताओं की बदौलत है। उनके साथ इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सहित कई मंत्री और अन्य कार्यकर्ता रहे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदेश कार्यालय में पार्टी का झंडा फहराकर स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की शुरूआत की। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता भी उपस्थित रहीं। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में 27 वर्षों के बाद पार्टी की सरकार बनाने में सफलता मिली है। इसका मूल श्रेय पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और कर्मठ कार्यकताओं को जाता है। सचदेवा ने कहा कि आज देश के 21 राज्यों में एनडीए की सरकार है। दिल्ली 13वां राज्य है जहां पार्टी ने अपने दम पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। उन्होंने कहा कि पार्टी लगातार तरक्की कर रही है। हिंदुस्तान के हर राज्य-शहर में कमल खिलाना उनका कर्तव्य है। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि पार्टी देशहित को अपना सर्वोपरि समझती है। इसी का परिणाम है कि दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि देश प्रथम, पार्टी द्वितीय और हम स्वयं अपने आपको सबसे अंत में रखकर इस सिद्धांत पर काम करते हैं।

# बक्सर में हुआ सड़क हादसा, तीन की मौत

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के इंडस्ट्रियल थाना क्षेत्र में रविवार की अहले सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। जबकि इस हादस में चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतक व जख्मी एक ही परिवार के है तथा वे अपने मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने रोहतास के बिक्रमगंज से बक्सर के चरित्रवन स्थित मुक्तिधाम जा रहे थे। यह हादसा एनएच-922 पर दलसागर व पड़री के बीच स्थित हरकिशुनपुर गांव के पास हुआ, जब उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हाईवे पर खड़े ट्रेलर से टकरा गई। मृतकों में प्रमोद सिंह (45), पप्पू कुमार (32) और रितेश कुमार (13) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर हॉल्ट निवासी प्रमोद सिंह की मां फुलपतिया देवी का निधन शनिवार की रात हो गया था। परिवार के लोग अंतिम संस्कार के लिए एक कार में सवार होकर बक्सर के श्मशान घाट जा रहे थे। आगे-आगे उनकी मां का शव जा रहा था, जिस पर मृतक प्रमोद के बड़े भाई तथा परिवार व पड़ोस के कुछ अन्य सदस्य सवार थे। सुबह के समय कार चला रहे प्रमोद सिंह को झपकी आ गई, जिससे कार हाईवे किनारे खड़े एक ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। सुचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस और राहगीरों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाला गया।

# इफको ने खाद्यान्न उत्पादन में देश को बनाया आत्मनिर्भर: अमित शाह

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि उर्वरक सहकारी संस्था इफको ने भारत को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शाह ने इफको की सराहना करते हुए कहा कि इस संस्था ने न केवल किसानों की मदद की है, बल्कि उसने उर्वरकों के क्षेत्र में नवाचार भी किया है। इफको ने रासायनिक उर्वरकों के बजाय नैनो और जैव उर्वरकों का रुख किया है, जो कि पर्यावरण के लिए भी लाभकारी साबित हो रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने इफको की भूमिका को प्रमुख बताते हुए कहा कि संस्था ने भारत को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया है। इफको के नवाचार और कृषि क्षेत्र में किए गए योगदानों की सराहना करते हुए शाह ने भविष्य में इसके और प्रभावी कार्यों की उम्मीद जताई। साथ ही, मोदी सरकार द्वारा सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा दिया है।




## तीस लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे अयोध्या नगरी, प्रशासन ने सुरक्षा के किये व्यापक इंतजाम

# अयोध्या में सूर्य की किरण से रामलला का हुआ अभिषेक

**एजेंसी/अयोध्या**

अयोध्या में रामनवमी के अवसर पर एक अद्वितीय दृश्य देखने को मिला। रविवार को भगवान रामलला का सूर्य तिलक हुआ जिसे देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर 12 बजे रामलला के माथे पर सूर्य तिलक किया गया।

कार्यक्रम में 30 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे थे। इसको लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की चाक-चौबंद व्यवस्था की है। राम नवमी के लिए अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। गर्मी से



बचाव के लिए जल का छिड़काव यहां प्रशासन की ओर से किया गया था। श्रद्धालुओं पर सरयू जल का छिड़काव किया गया। प्रमुख स्थानों पर फिक्स एलईडी की व्यवस्था की गई थी। जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। व विभिन्न स्थानों पर एलईडी डिस्प्ले बोर्ड आदि लगाए गए।

दूरदर्शन से जारी किये गये लाइव लिंक के अनुसार प्रसारण किया गया, जिससे अयोध्या आने वाले श्रद्धालु श्रीराम जन्मोत्सव को देख सके। सूर्य तिलक धार्मिक और प्रतीकात्मक परंपरा है। पौराणिक कथाओं में इसका उल्लेख है। इसके अनुसार, त्रेता युग में जन्में भगवान श्रीराम सूर्यवंशी थे। यही वजह है कि उन्हें सूर्य तिलक दिए जाने की परंपरा चली आ रही है। इस दौरान सूर्य देव स्वयं भगवान राम के मस्तक पर सूर्य का तिलक करते नजर आते हैं। इसे भगवान श्रीराम के प्रति आस्था और श्रद्धा का प्रतीक बताया जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चैत्र नवरात्र से राज्य के सभी जिलों में श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ किया गया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, शनिवार दोपहर से शुरू हुए अखंड मानस पाठ की पूर्णाहुति रविवार को श्रीरामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला के सूर्य तिलक के साथ की गई थी। इस कारण पूरे सूबे में भक्तिमय महौल

## पश्चिम चंपारण के रामनगर थाना क्षेत्र के लौरिया मुख्य पथ पर हुआ भीषण हादसा

# बगहा में सड़क दुर्घटना में मासूमों की मौत, 3 गंभीर रूप से जख्मी; इलाजरत



**केटी न्यूज/पटना**

पश्चिम चंपारण के रामनगर थाना क्षेत्र के लौरिया मुख्य पथ पर रविवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। इसमें दो मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके माता-पिता और एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद पूरे इलाके में कोहराम मच गया है। एक दंपती अपने तीन बच्चों के साथ बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी तेज रफ्तार से सामने से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि 3 साल के मनु राम और 5 साल के शिवम राम की मौके पर ही मौत हो गई। तीन घायल, हालत नाजुक बतायी जा रही है। घटना में बच्चों के माता-पिता और तीसरा बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद जीएमसीएच रेफर कर दिया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

**कार चालक फरार, वाहन जब्त :** हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, जबकि गाड़ी को पुलिस ने जब्त कर लिया है। रामनगर थानाध्यक्ष के अनुसार, प्रथम द्दष्टया यह मामला तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाने का है। चालक की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। वाहन पर अंकित नंबर के आधार पर कार मालिक की खोज की जा रही है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों का आक्रोश, सड़क जाम और प्रदर्शन किया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर अक्सर हादसे होते हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

ग्रामीणों ने स्पीड ब्रेकर बनाने और यातायात की नियमित निगरानी की मांग की। एसडीपीओ दीवांजलि कुमारी ने कहा कि घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि दोषी पाए जाने पर चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।


## करंट लगने से दो बच्चों की दर्दनाक मौत

गया। गया में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण दो बच्चों की जान चली गई। 11 हजार वोल्ट के बिजली तार के संपर्क में आते ही दोनों बच्चों की तड़प तड़पकर मौत हो गई। इस घटना को लेकर लोगों में विभाग के प्रति गहरा आक्रोश है। दरअसल, घटना बुनियादगंज थाना क्षेत्र के पटवा टोली मोहल्ले की है। यह घटना उस वक्त हुई, जब दोनों किशोरों ने पटवा टोली त्रिदेव मंदिर के पीछे फल्गु नदी पूर्वी तट पर रविवार की दोपहर कचरा चुन रहे थे। दोनों बच्चे कचरा बीनने का काम करते थे। बताया जा रहा है कि हर दिन की तरह दोनों नाबालिग लड़के कचरा चुनने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान दोनों पटवा टोली इलाके में पहुंचे। दोनों कचरा चुन रहे थे, तभी वहां टूटकर गिरे हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आ गए।देखते ही देखते दोनों बच्चों की मौत हो गई। बिजली के तार में 11 हजार वोल्ट का करंट दौड़ रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग को कई बार कहने के बावजूद टूटे हुए तार को ठीक नहीं किया गया और जिस बात का डर था आज वही बात हो गई। घटना से नाराज लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों बच्चों के परिजनों में कोहराम मच मच गया है और परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया अपर थाना अध्यक्ष एसआई धन्नू कुमार ने बताया कि फिलहाल मृतक किशोरों की पहचान नहीं हुई है। पुलिस पहचान करने में जुटी है। दोनों शवों को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी गई है। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश है। विभाग की लापरवाही से दोनों किशोर की मौत हुई है।

## बिहार बार काउंसिल के अध्यक्ष भाजपा में हुए शामिल

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार बार काउंसिल के अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता रमाकांत शर्मा भाजपा में शामिल हो गये। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं भाजपा के राज्यसभा सांसद मनन कुमार मिश्रा ने कहा बिहार बार काउंसिल के अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता रमाकांत शर्मा के भाजपा में शामिल होने के साथ ही अब बार काउंसिल में भी डबल इंजन की सरकार काम करेगी। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं भाजपा के राज्यसभा सांसद मनन कुमार ने कहा कि रविवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में उनके समक्ष प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा, सांसद रविशंकर प्रसाद, मंत्री मंगल पांडेय, राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शहनवाज हुसैन तथा अन्य नेताओं की मौजूदगी में रमाकांत शर्मा को भाजपा में शामिल किया। मनन कुमार ने कहा कि रमाकांत शर्मा के भाजपा में आने के साथ ही राज्य में बड़ी संख्या में वकीलों का समर्थन पार्टी को मिलेगा। रमाकांत शर्मा ने सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रमाकांत शर्मा ने कहा कि पार्टी की बेहतरी के लिए जी जान से परिश्रम करेंगे।




## आज बेगूसराय में आएंगे राहुल गांधी, तैयारी पूरी

**केटी न्यूज/पटना**

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और इस समय लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बिहार आ रहे हैं। 7 अप्रैल को वह पटना आकर चार्टर्ड प्लेन से बेगूसराय जाएंगे। वहां के कार्यक्रम से लौटकर पटना में भी एक आयोजन में शरीक होंगे। फिर सदाकत आश्रम भी जाएंगे। इस बात की उम्मीद कतई नहीं है कि वह बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की संभावित तिथि से करीब सात महीने पहले किसी भी नेता को किसी भी विधानसभा सीट के लिए इस बार आश्वासन देंगे। लेकिन, इस समय बिहार कांग्रेस में अचानक कई केंद्र बन गए हैं। और, इनमें से एक केंद्र पर पहुंचने वाले नेता को हरी झंडी मिल रही है। क्षेत्र में जाकर मेहनत शुरू कीजिए। बिहार में नेता किसी दल के हों, इस वाक्य का मतलब हरी झंडी ही है। दूसरे राज्यों में क्या तकिया कलाम है, इसपर बहस नहीं करते हुए यह जानना रोचक है कि बिहार में किसी भी दल का टिकट देने या दिलाने में सक्षम पदाधिकारी अगर किसी विधानसभा सीट से आए संभावित प्रत्याशी को कह दें कि क्षेत्र में जाकर मेहनत शुरू कीजिए तो मान लिया जाता है कि सिम्बल मिलना लगभग पक्का है। इसलिए, अभी भारतीय जनता पार्टी या जनता दल यूनाईटेड पार्टी कार्यालय आने वाले किसी सीटिंग विधायक को भी कोई दिग्गज यह नहीं कहता सुनाई देगा कि क्षेत्र में जाकर मेहनत शुरू कीजिए। बाकी कुछ भी कह दिया जाएगा, लेकिन यह नहीं। लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल में यह कहने का अधिकार सिर्फ उन्हें या तेजस्वी यादव के पास है। दोनों में से कोई कह दें तो यह पक्का हो जाता है। लेकिन, कांग्रेस में तो इस समय कई केंद्र हैं और इनमें से एक जगह यही तकिया कलाम बन गया है। अखिलेश प्रसाद सिंह को बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की कुर्सी से हटाया गया, लेकिन वह अब भी अगड़ी जाति के नेताओं के लिए एक केंद्र बने हुए हैं। इसके अलावा अचानक बिहार की राजनीति में सक्रिय हुए और सोमवार को कांग्रेस के नंबर वन नेता राहुल गांधी के साथ बेगूसराय में कार्यक्रम कर रहे कन्हैया कुमार भी एक केंद्र बन गए हैं। राजेश कुमार की बिहार कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी में जिस तरह से कन्हैया कुमार की भूमिका पार्टी के अंदर प्रचारित हो रही है।

## मेरा झोला ढोने वाले मंत्री बने बैठे हैं : मुकेश सहनी

**पटना।** विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी ने रविवार को गायघाट प्रखंड में आयोजित एक धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम में भाग लिया। शिक्षा ही समाज को ऊपर उठाने का सबसे बड़ा हथियार है। मुकेश सहनी ने अपने राजनीतिक विरोधियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बिना नाम लिए इशारा करते हुए कहा कि जो लोग कल तक मेरा झोला उठाते थे, वे आज भारत सरकार में मंत्री बने बैठे हैं। ये सिर्फ मुझे कमजोर करने की साजिश थी। उन्होंने दो टूक कहा कि उन्हें झुकाने की बहुत कोशिशें की गईं, लेकिन जब तक जनता का आशीर्वाद उनके साथ है, उन्हें कोई हरा नहीं सकता।




## बेगूसराय में भाजपा नेता की बेटी पर एसिड अटैक, केस दर्ज

**बेगूसराय।** बेगूसराय में घर में सोई एक युवती पल्लवी राठौर (24) पर देर रात एसिड अटैक किया गया है। घायल युवती को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बखरी थाना क्षेत्र के बखरी बाजार की है। परिजनों ने फिलहाल किसी से विवाद की बात से इनकार किया है। घायल युवती भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष संजय सिंह की बेटी है। पल्लवी, रात में अपने कमरे में सोई हुई थी। इसी दौरान खिड़की से उस पर एसिड फेंका गया। घटना के तुरंत बाद उसने इसकी जानकारी परिजनों को दी। बेगूसराय एसपी मनीष ने बताया कि बखरी वार्ड नंबर-23 में युवती पर सोए अवस्था में एसिड फेंका गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने अस्पताल पहुंच कर पूछताछ की।

## प्रिंस राज ने चिराग पासवान पर साधा निशाना

- बोले प्रिंस... मां बीमार थी, डॉक्टर लाना चाहिए था न कि पत्रकार
- सीएम नीतीश कुमार हो चुके है बीमारू नेता



**केटी न्यूज/पटना**

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (पशुपति पारस गुट) के कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस और पूर्व सांसद प्रिंस राज ने मंच से जमकर हुंकार भरी। पूर्व सांसद प्रिंस राज ने अपने संबोधन में चिराग पासवान को निशाने पर लेते हुए कहा कि वे अपने घर के अंदर के झगड़ों को मीडिया के जरिए दिखावा बनाकर राजनीतिक लाभ लेना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर मां की तबीयत खराब थी, तो पटना से डॉक्टर लाना चाहिए था, पत्रकार नहीं। साथ ही चिराग को कटाक्ष करते हुए कहा कि आप बिग बॉस नहीं हैं। घर के झगड़े पड़ोसी को भी नहीं पता चला, लेकिन पटना वालों को खबर हो गई। आखिर किस मकसद से यह किया गया। प्रिंस राज ने स्पष्ट तौर पर इसे राजनीतिक साजिश बताया और याद दिलाया कि ऐसा ही षड्यंत्र 2020 के चुनाव से पहले भी रचा गया था। उन्होंने इसे दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि वर्षों बाद भी वही नाटक दोहराया जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत में प्रिंस राज ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर सीधा हमला करते हुए उन्हें बीमारू मुख्यमंत्री करार दिया। उन्होंने कहा कि अब उनका इलाज किसी डॉक्टर से नहीं होगा, न बिहार में, न देश में। अब उनका इलाज 2025 के विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता ही करेगी। प्रिंस राज ने स्पष्ट किया कि फिलहाल उनकी पार्टी का गठबंधन बिहार की जनता के साथ है। उन्होंने नीतीश सरकार को दलित और अल्पसंख्यक विरोधी करार देते हुए कहा कि इस सरकार को सिर्फ अपनी कुर्सी से मतलब है, आम लोगों से नहीं। लोकसभा और राज्यसभा से पास हुए वक्फ संशोधन बिल को लेकर भी प्रिंस राज ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला।

## पटना के डाकबंगला चौराहा पर शोभायात्रा अभिनन्दन समिति के कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रामनवमी की झांकी में हुए शामिल, लोगों को दी बधाई व शुभकामनाएं

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रामनवमी पर्व के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा है कि रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण पर्व राष्ट्रीय एकता, अखण्डता तथा देश की सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करते हैं। उन्होंने राज्यवासियों से अपील की है कि पावन पर्व रामनवमी को प्रेम, भाईचारे और हर्षोल्लास के साथ मनायें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के डाकबंगला चौराहा पर रामनवमी शोभा यात्रा अभिनन्दन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने शोभा यात्रा का स्वागत कर आरती की तथा उन्हें प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने भी उपस्थित जन-समुदाय का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया और रामनवमी की राज्यवासियों को शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, सांसद रविशंकर प्रसाद, सांसद संजय कुमार झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन, मेयर पटना नगर निगम सीता साहू, जदयू के प्रदेश महासचिव कमल नोपानी, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सहित आयोजन समिति के सदस्य, सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आयोजकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत अंगवस्त्र भेंटकर किया। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे।



## खबरें फटाफट

### छतनवार के बधार में मिला वृद्ध का शव

**डुमरांव।** जिले के कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के छतनवार गांव के पास एक 65 वर्षीय वृद्ध का शव मिला है। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में ले थाना लाई, लेकिन जब घंटों प्रयास के बाद उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई तो पुलिस ने पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया। वह ब्लू रंग का टीशर्ट व लूंगी पहने हुए था तथा काफी सामान्य परिवार का लग रहा था। गौरतलब हो कि दो दिन से लू की रफ्तार भी तेज हो गई है, वहीं, मौसम में तल्खी भी बढ़ी है। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिली कि छतनवार गांव से पश्चिम बधार स्थित 31 नंबर नलकूप के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा है। इस सूचना पर पुलिस टीम भेज शव को कब्जे में ले थाना लाया गया। उन्होंने कहा कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसके तस्वीर को साइबर सेनानी ग्रुप व विभिन्न सोसल मीडिया साइट पर डाल पहचान की अपील की गई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद नियमों के मुताबिक 72 घंटे तक शव को पहचान के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। वहीं, इस घटना की चर्चा छतनवार सहित आस पास के क्षेत्र में हो रही है।

## दु:खद: आगे आगे जा रहा था मां का शव, पीछे पीछे चल रहा था पूरा परिवार

# अलग अलग सड़क हादसे में चार की मौत, चार लोग गंभीर रूप से जख्मी

♦ हरकिशुनपुर गांव के पास ट्रेलर से टकरा गई कार, पुलिस ने जैसे तैसे कर सबको बाहर निकाला

**केटी न्यूज/बक्सर**



रविवार को जिले के दो अलग अलग हादसों में कुल चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिनका इलाज चल रहा है। वहीं, इन घटनाओं के कारण संबंधित परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पहली घटना इंडस्ट्रियल थाना क्षेत्र की है। जिसमें रोहतास जिले के बिक्रमगंज के रहने वाले एक परिवार के लोग अपनी की अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए बक्सर के चरित्रवन स्थित मुक्तिधाम आ रहे थे। इस बीच एनएच-922 पर दलसागर व पड़री के बीच स्थित हरकिशुनपुर गांव के पास उनकी कार ट्रेलर से टकरा गई।

इंडस्ट्रियल थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। वहीं, घटना में चार अन्यच लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों में प्रमोद सिंह (45), पप्पू कुमार (32) और रितेश कुमार (13) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर हॉल्ट निवासी प्रमोद सिंह की मां फुलपतिया देवी का निधन शनिवार की रात हो गया था। परिवार के लोग अंतिम संस्कार के लिए एक कार में सवार होकर बक्सर के श्मशान घाट जा रहे थे। आगे-आगे उनकी मां का शव जा रहा था, जिस पर मृतक प्रमोद के बड़े भाई तथा परिवार व पड़ोस के कुछ अन्य सदस्य सवार थे।

**ड्राइवर को आई झपकी, हो गया हादसा :** सुबह के समय कार चला रहे प्रमोद सिंह को झपकी आ गई, जिससे कार हाईवे किनारे खड़े एक ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाला गया और पुलिस को सूचना दी गई। अनुमान लगाया जा रहा है कि पूरी रात जगने व मां के वियोग के कारण प्रमोद को झपकी आई होगी तथा उसका संतुलन कार की स्टेयरिंग से हट गया होगा, जिस कारण यह भीषण हादसा हो गया।

**मौके पर तीन की मौत, चार की हालत नाजुक :** बक्सर सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने प्रमोद, पप्पू और रितेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि रोहित कुमार(12), प्रताप कुमार(10), प्रेम चंद(20) और भोला कुमार (14) की हालत गंभीर बताई जा रही है। चारों को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर भेजा गया है। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. श्याम लाल रजक ने बताया कि जख्मियों की हालत भी नाजूक बनी हुई है, जिस कारण मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है।

**स्टेयरिंग व सीट के बीच फंसे थे मृतक व जख्मी :** हादसा कितना विभत्स था, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दुर्घटनाग्रस्त कार के परखच्चे उड़ गए थे। मृतक व जख्मी स्टेयरिंग व सीट के बीच बूरी तरह से फंसे थे। पुलिस ने जैसे तैसे कर उन्हें बाहर निकाला।

### परिजनों के साथ अयोध्या जा रहे बक्सर के कार्यपालक अभियंता की यूपी में दुर्घटना में मौत

**बक्सर।** शनिवार की देर रात बक्सर के भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता राम अवतार नीरज की यूपी फैजाबाद के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। वहीं हादसे में उनकी पत्नी, 16 वर्षीय बेटा तथा कार्यचालक गंभीर रूप से जख्मी हैं, जो लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वे शनिवार को बक्सर में आए बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के कार्यक्रम में बतौर मजिस्ट्रेट मौजूद थे। इसके बाद शाम में राम लाल के दर्शन करने के लिए अपने परिवार के साथ कार से अयोध्या जा रहे थे। अयोध्या के करीब स्थित फैजाबाद के पास उनकी कार में एक तेज रफ्तार डंफर ने टक्कर मार दिया, जिससे मौके पर ही कार्यपालक अभियंता की मौत हो गई। जबकि कार में सवार पत्नी बच्चे और कार चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना देर रात 11 बजे की बताई जा रही है। घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची फैजाबाद पुलिस ने कार्यपालक अभियंता के शव को कब्जे में लेने के साथ ही जख्मियों को स्थानीय स्तर पर प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के पीजीआई अस्पताल पहुंचाया है और कार्यपालक अभियंता के शव का पोस्टमार्टम फैजाबाद के जिला अस्पताल में हो रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन और भवन निर्माण विभाग में मायूसी छाई है।

## एक नजर

### बक्सर-बलिया पुल पर एक तस्कर गिरफ्तार भूसे की बोरी से बरामद हुई शराब की शीशियां

**बक्सर।** वीर कुंवर सिंह सेतू पर रविवार को पुलिस ने एक शराब तस्कर को शराब की खेप के साथ पकड़ा है। पुलिस ने उसकी बाइक भी जब्त कर ली है। वह, यूपी के कोटवा नारायणपुर से दबंग ब्रांड की टेट्रा पैक शराब को भूसा भरी बोरी में छिपाकर ला रहा था, लेकिन वीर कुंवर सिंह सेतू पर मुश्तैद पुलिस टीम को चकमा नहीं दे सका। उसके बाइक पर बंधी बोरा में भूसा की आड़ में 45 पीस टेट्रा पैक शराब बरामद हुआ। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान इटाढ़ी थाना क्षेत्र के अतरौना गांव निवासी अमरनाथ राम के रूप में हुई है। गौरतलब हो कि हाल के दिनों में वीर कुंवर सिंह सेतू पर पुलिस ने शराब की कई खेप पकड़ी है।



### पूरे जिले में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मनाया भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस



**बक्सर।** भारत की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में विकसित होने वाली भारतीय जनता पार्टी के लिए छह अप्रैल का दिन महत्वपूर्ण एवं मायने रखने वाला दिन है। आज ही के दिन छह अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी। पर्टी के प्रथम अध्यक्ष श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई को बनाया गया था। स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के निदेर्शानुसार आज पूरे जिले में भाजपा कार्यकताओं ने अपने-अपने घर पर भाजपा का झंडा लहराया और भाजपा की स्थापना दिवस को एक यादगार पल बनाकर अपना-अपना फोटो सोशल मीडिया पर डाला तथा भाजपा फॉर विकसित भारत लिखकर अपने आप को गौरवान्वित समझा। यह अभियान 6 से 12 अप्रैल तक चलने वाला है जिसमें मंडल के सक्रिय कार्यकताओं का सम्मेलन,आम लोगों से जनसंपर्क इत्यादि कार्यक्रम किया जाएगा। इसी क्रम में रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, अहिरौली में भी भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन द्धारा स्थापना दिवस के अवसर पर झंडा लहराया गया तथा स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की। स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भगवान ने कहा कि कोटि-कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि उन अनगिनत का अनाम नींव के पत्थरों को जिनके त्याग एवं बलिदान के आधार पर आज हम शीर्ष पर हैं। अभिनंदन है उन करोड़ों वर्तमान का भी जो हमें और भी आगे ले जाने हेतु दिन-रात समर्पित हैं। रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन और उनके सहयोगियों द्वारा डुमरांव नगर परिषद में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों को मिठाई खिलाकर भाजपा स्थापना दिवस की शुभकामना दी। मौके पर उपाध्यक्ष निर्भय राय, अनिल कुमार पांडेय ,इंद्रजीत बहादुर सिंह, महामंत्री विनोद राय, लक्ष्मण शर्मा , जिला मंत्री रेखा देवी ,संध्या पांडेय, ओम ज्योति भगत, नगर अध्यक्ष डुमरांव विजय कुशवाहा, राजकुमार कुंवर तथा उमाशंकर राय जिला जिला मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे।

## चौसा के युवक की यूपी में निर्मम हत्या, चार गिरफ्तार

♦ मां कामख्या मंदिर की विशेष आरती देखने निकला था युवक

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले के मुफस्सिल थाना के चौसा के रहने वाले एक युवक की शनिवार की देर रात यूपी के गहमर के समीप स्थित हत्या कर दी गई। उक्त युवक देर रात बाइक से अपने दोस्तों के साथ रामनवमी पर मां कामख्या मंदिर में होने वाले विशेष आरती देखने गया था। गहमर थाना गस्ती दल ने एक युवक को सड़क के पास अचेतावस्था पड़ा देख उसे उठा भदौरा अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही, पुलिस जांच के दौरान युवक की पहचान चौसा दुर्गा मंदिर निवासी ज्योति प्रकाश कसेरा का पुत्र देवप्रकाश के रूप में की गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज सूचना परिजनों को दी गई तो घर मे कोहराम मच गया। घटना के बाद पुलिस चार दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार देव प्रकाश शनिवार को अपने चार दोस्तों के साथ गाजीपुर के गहमर थाना के करहिया स्थित मां कामाख्या मंदिर में आयोजित विशेष आरती देखने गया था। आरती के बाद सभी दोस्त घर लौट आये मगर, देव प्रकाश नहीं लौटा। इसी बीच गहमर और बारे गांव के बीच स्थित दीपक होटल के पास गस्त कर रही पुलिस को एक अचेतावस्था में युवक मिला। पुलिस उसे उठा इलाज के लिए भदौरा अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस युवक की पहचान कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गाजीपुर भेज दिया। वहीं, जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। भागे-भागे घरवाले थाने पहुंचे। जहां मामले में पूछताछ के बाद पुलिस उन चार साथियों को हिरासत में ले पूछताछ कर रही है।

## प्राथमिक शिक्षक संघ गोपगुट ने समस्याओं पर किया विमर्श

**केटी न्यूज/बक्सर**

शिक्षकों की एक बैठक रविवार को धोबी घाट में आयोजित की गई है। इसकी अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ, गोपगुट, मूल के जिलाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह तथा संचालन अजय कुमार चौधरी ने किया।

बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि प्रधानाध्यापक पद की प्रोन्नति करने वाले का विरोध करने वाले तथाकथित संघ के सेवा निवृत शिक्षकों का हर स्तर पर प्रोन्नति के सही तथ्यों को डीईओ व स्थापना डीपीओ के सामने रखते हुए जोरदार विरोध किया जाएगा। साथ ही, गलत निकासी कर अधिक राशि लेने वाली सेवानिवृत शिक्षकों का विरोध किया जाएगा। स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति के लिए नवीन वरीयता सूची बनाने के लिए आवेदन जमा करने हेतु पत्र निर्गत हेतु विभाग को पत्र दिया जाएगा। वहीं 10 से 12 अप्रैल को होने वाले राज्य सम्मेलनों मे ज्यादा से ज्यादा संख्या मे जुट कर अपने समस्याओं के निदान के आवाज को बुलंद करेंगें।
















## राममय हुआ बक्सरः जय श्रीराम एवं जय हनुमान के नारों से गूंजता रहा पूरा जिला...

# एक ही नारा, एक ही नाम... जय श्रीराम...

- श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में.. जैसे भक्ति गीतों एवं ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमते रहे राम भक्त
- परंपरागत हथियारों पर करतब दिखाकर युवाओं ने लूटी वाह-वाही
- चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहा पुलिस प्रशासन

### उत्साह के साथ निकाली गई महाबीरी झंडा पूजा की भव्य शोभा यात्रा



**केटी न्यूज/बक्सर**

श्रीराम जानकारी बैठे हैं मेरे सीने में...., भये प्रगट कृपाला दीनदयाला..., जैसे सुमधुर गीतों व जय श्रीराम व जय हनुमान के जयघोष से रविवार की शाम डुमरांव शहर गूंज उठा। यह गूंज मध्य रात्रि के बाद तक सुनाई पड़ी। इस दौरान हजारों की संख्या में युवा, बच्चें व नर नारी सड़क पर उतर जयघोष के साथ नाच, गा व झूम रहे थे। मौका था प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव चैत्र रामनवमी के मौके पर निकाले जाने वाले महाबीरी झंडा जलूस शोभा यात्रा का।

श्रीमहाबीरी झंडा पूजा समिति डुमरांव के तत्वावधान में रविवार की शाम राजगढ़ के विशाल फाटक हाथी, उंट, घोड़ा व रथ पर प्रभु श्रीराम, माता जानकारी, लक्ष्मण, वीर हनुमान के साथ ही कई अन्य देवी देवताओं की झांकियों के साथ निकला यह भव्य जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नया थाना पहुंचा। फिर वापस राजगढ़ चौक पहुंच संपन्न हो गया।

इस शोभा यात्रा का नेतृत्व श्री महाबीरी झंडा पूजा समिति के संयोजक गुप्तेश्वर प्रसाद गुरूजी, अध्यक्ष सुमित गुप्ता, कोषाध्यक्ष ओमवीर गुप्ता, महासचिव कमल चौरसिया, सचिव सत्यजीत कसेरा के अलावे समिति सदस्य मनोज वर्मा, कृष्ण मुरारी केसरी, विनोद केसरी, मनोज केसरी, अनिल कुमार, सत्यम वर्मा, शौर्य केसरी, दीपक रौनियार, सचिन कुमार, लक्की केसरी, पिंटू केसरी, शिवम वर्मा, आशीष वर्मा, मदन प्रसाद गुप्ता सरीखे युवा कर रहे थे।

**जुलूस में परंपरागत हथियारों पर करतब दिखाते रहे युवा :** इस जुलूस में शहर के हजारों युवा परंपरागत अस्त्र-शस्त्रों के साथ प्रदर्शन व करतब दिखाते रहे। इस दौरान उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। युवाओं के करतब के पीछे-पीछे झांकियां चल रही थी। झांकियों में रामदरबार के अलावे वीर हनुमान, मां काली की भाव भंगिमा, शिव के तांडव नृत्य आदि शामिल था।

जगह-जगह हो रही थी पुष्प वर्षा

यह शोभा यात्रा शहरवासियों के बीच आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था तथा जैसे जैसे कारवां बढ़ते गया जुलूस में शामिल लोगों की संख्या बढ़ती चली गई। वहीं, शरवासियों द्वारा जगह-जगह पर इस जुलूस में शामिल लोगों पर पुष्पवर्षा की जा रही थी। वहीं, कई जगहों पर श्रद्धालुओं को जलपान कराया जा रहा था तथा शरबत पिलाई जा रही थी।

**चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहा प्रशासन :** इस जुलूस को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। जुलूस के दौरान एसडीएम राकेश कुमार, एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, बीडीओ संदीप कुमार पांडेय, नगर परिषद के ईओ मनीष कुमार, सीओ शमन प्रकाश, थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत, अपर थानाध्यक्ष संजीत शर्मा समेत बड़ी संख्या में महिला व पुरूष पुलिस बल जुलूस की निगरानी करते रहे। आलम यह था कि चप्पे-चप्पे पर पुलिस टीम व मजिस्ट्रेट तैनात रहे।

मध्य रात्रि तक गुल रही बिजली

जुलूस के दौरान शाम से मध्य रात्रि तक शहर की बिजली आपूर्ति ठप रही। इस दौरान लोगों को भारी कठिनाई का सामना भी करना पड़ा। बिजली के अभाव में भीषण गर्मी व मच्छरों क प्रकोप से लोगों की नींद उड़ी रही। मध्यरात्रि के बाद जब जुलूस संपन्न हुआ, इसके बाद ही आपूर्ति बहाल हो सकी।

### जुलूस से पहले डीएम एवं एसपी के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

डुमरांव में रामनवमी जुलूस से ऐन पहले जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य के नेतृत्व में डुमरांव में फ्लैग मार्च किया गया। डुमरांव थाना से शुरू हुआ यह फ्लैग मार्च शहीद पार्क रोड से गोला रोड से राजगढ़ चौक तक आयोजित हुआ। इस दौरान एसडीएम, एसडीपीओ, बीडीओ, थानाध्यक्ष, नया भोजपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थी।

इस दौरान जिलाधिकारी ने शहरवासियों तथा आयोजक श्री महाबीरी झंडा पूजा समिति के सदस्यों से शांतिपूर्ण माहौल में जलूस निकालने तथा एक दूसरे की भावनाओं का कद्र करने की अपील की। जबकि एसपी ने कहा कि जुलूस के दौरान पुलिस टीम मुश्तैद रहेगी तथा सीसीटीवी के अलावे पुलिस साइबर सेनानी ग्रुप के माध्यम से भी इस जलूस पर नजर रखेगी। वहीं, जिलाधिकारी ने शोभा यात्रा से पहले रूट चार्ट का अवलोकन कर इस बात की तस्दीक करने का निर्देश दिए कि कही मार्ग में लूज व लटके तथा जर्जर विद्युत तार तो नहीं है।

### रामनवमी की झलकियां...


जुलूस से पूर्व फ्लैग मार्च में शामिल डीएम, एसपी, एसडीएम, एसडीपीओ व अन्य।


राजगढ़ चौक पर जुलूस में शामिल स्थानीय लोग।


जुलूस में करतब दिखाते युवा।


जुलूस की झांकी में शामिल श्रीराम, सीता व हनुमान।


जुलूस में करतब दिखाते युवा।


जुलूस में मां काली के स्वरूप में कलाकार।


नावानगर में जुलूस में शामिल अधिकारी व अन्य।


सोनवर्षा में जुलूस में शामिल रामभक्त।

### रामनवमी की झलकियां...


डुमरांव में आयोजित जुलूस के दौरान झांसी की रानी थीम प्रस्तुत करती बच्चियां।


जुलूस के दौरान ढोल नगाड़ा बजाते कलाकार।


जुलूस में भगवान शिव के साथ खड़े उनके गण।


जुलूस में श्रीराम केसाथ शामिल विभिषण और केवट।


जुलूस में शामिल भगवान हनुमान की प्रतिमा।

## सोनवर्षा व नावानगर में शांतिपूर्ण संपन्न हुई रामनवमी की जुलूस

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा व नावानगर में रामनवमी शोभा यात्रा सह जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों ने जय श्रीराम की जयकारे लगा रहे थे। वही लाउडस्पीकर से हर घर में एक ही नाम एक ही नारा गुंजेगा..... गीत जूलूस में बजती रही।

सोनवर्षा में जूलूस का नेतृत्व नवयुवक रामनवमी समिति के अध्यक्ष निखिल गुप्ता तथा नावानगर में रामनवमी समिति के बैनर तले अनोज शंकर के नेतृत्व में जुलूस निकाली गई सोनवर्षा में युवा व्यापार मंडल, महाबीर मंदिर पूजा समिति,बस स्टैंड पूजा समिति सोनवर्षा समेत सभी चारो पूजा समितियों के सदस्यों ने शोभा यात्रा में शामिल हुए। साथ ही सोनवर्षा के ईर्द-गिर्द दर्जनों गांव के रामनवमी पूजा समिति झांकी व महावीरी झंडा के साथ शामिल हुए। यह शोभा यात्रा हनुमान मंदिर से आरम्भ होकर छठिया घाट होते हुए काली मंदिर पहुचा। फिर काली मंदिर से थाना रोड होते हुए वापस हनुमान मंदिर तक आ कर समाप्त हो गया। इस दौरान रामनवमी पूजा समिति सदस्यों द्वारा शोभा यात्रा में शामिल कई लोगो को सम्मनित किया। साथ ही सोनवर्षा पंचायत के बीडीसी अजय गुप्ता व अन्य व्यापारी लोगों ने शोभा यात्रा में शामिल सभी लोगो को ठंडा जल मुहैया कराया था। शोभा यात्रा में गणेश कुमार सिंह,रबी पाण्डेय,चंदन शर्मा, बिक्की साह, दीपक सिंह, निक्की कुमार,संदीप साह समेत कई लोग शामिल रहे।

वहीं, नावानगर में निकली शोभा यात्रा ठाकुरबाड़ी से प्रस्थान कर पूरे गांव होते हुए वापस ठाकुरबाड़ी पहुंची। इस दौरान स्थानीय बाजार वासी ने जूलूस में शामिल लोगों को शीतल पेयजल, शरबत की व्यवस्था कर रखा था। नावानगर के जूलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में पैक्स अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, मोहन गुप्ता राजीव सिंह उर्फ राजू मुखिया प्रतिनिधि एजाजुल हक मिथिलेश सिंह रोहित यादव समेत अन्य ग्रामीणों की सराहनीय भूमिका रही। इधर जूलूस को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त थी।

### केसठ में शस्त्र पूजन के बाद निकली शोभायात्रा

**केसठ।** राम नवमी के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में रविवार की अगले सुबह से ही महिला पुरुषों, युवा युवतियों की भीड़ देखी गई।मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद भव्य हवन का अनुष्ठान किया गया था। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की तांता देखी गई, तो वहीं इसी कड़ी में रामभक्त युवकों द्वारा एक भव्य जुलूस का आयोजन किया गया था। जिसका नेतृत्व में रतन रावत ने किया। जुलूस निकलने से पूर्व सैकड़ों लोगों ने मां काली की पूजा अर्चना के तत्पश्चात जुलूस मां काली मंदिर के प्रांगण से नया बाजार, पुराना बाजार, कतिकनार, महादेवगंज सहित दर्जनों गांवो का भ्रमण कर पुनः मां काली मंदिर के प्रांगण में संपन्न हो गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र महावीरी पताको से पटा हुआ था। जो देखने में काफी आकर्षक लग रहा था। वहीं सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने पैदल और मोटरसाइकल से पूरा क्षेत्र का जय श्री राम नारे के साथ भ्रमण किया।

### भगवान श्रीराम का सवा क्विंटल दूध, दही शहद, घी एवं गंगाजल से हुआ महाभिषेक

- महाभिषेक में जिले के श्रद्धुओं ने लिया बढ़ चढ़कर हिसा

**केटी न्यूज/बक्सर**

श्री श्री राधा मदन मोहन मन्दिर मुसाफिरगंज द्वारा राम नवमी के सुअवसर पर काफी भक्तों की संख्या कि उपस्थिति में किया गया। महाभिषेक जिसमें सभी भक्तों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मंदिर अध्यक्ष मनोहर दास प्रभु ने महाभिषेक का महत्व बताते हुए बताया कि भगवान के आविर्भाव तिथि पर किया गया।

अभिषेक हमारे हृदय को पवित्र बनाता हैं। जिससे हम भगवान के सेवा में लगे रहते है। इसका एक विशेष महत्व होता है। भगवान कि कृपा तथा कार्यों में सफलता, यश, कीर्ति, वैभव कि प्राप्ति होती है। मानसिक और शारीरिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने राम का चरित्र का वर्णन किया कहा कि जिस प्रकार भगवान ने अपने माता पिता का आदेश का पालन किया। उसी प्रकार प्रत्येक पुत्र को भी हृदय से उनका आदेश पालन करना चाहिए। भगवान राम का अनुसरण करते हुए उनके जीवन चरित्र को अपने जीवन में उतरना चाहिए एवं सीखना चाहिए कि राजा के देश के प्रति, पति का पत्नी के प्रति और भाई का भाई के प्रति, कैसा आचरण और व्यक्तित्व होना चाहिए। जिस दिन से भारत के लोग भगवान का अनुकरण न कर अनुसरण करने लगे उस दिन से भारत रामराज्य की ओर अग्रसर होते हुए एक दिन राम राज्य की स्थापना हो जाएगी। इस दौरान उपस्थित भक्त मुकुंद सनातन प्रभु, विनय प्रभु, मनोज प्रभु, ओमकार प्रभु, राज प्रभु, अंकित प्रभु, आदित्य प्रभु, सेवा स्वयंभू प्रभु, आशुतोष प्रभु, वेंकटेश प्रभु, आयुष, धनजी, रितेश, ओमजी, लवकुश, किशन, गुड़िया देवी, तारा देवी, कनक देवी, प्रियांशी, सरस्वती, स्वीकृति समेत अन्य शामिल रहे।

### रघुनाथपुर में निकली रामनवमी जुलूस, आकर्षण का केंद्र रही राम-सीता की झांकी

**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर प्रखंड अंतर्गत रघुनाथपुर में रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा स्थानीय काली मंदिर से शुरू होकर पंचदेव मंदिर रघुनाथपुर, मुख्य बाजार होते हुए बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर पहुंची और वहां से वापस तुलसी आश्रम रघुनाथपुर स्थित राम जानकी मंदिर पहुंच कर शोभा यात्रा का समापन हुआ। शोभ यात्रा में हजारों की संख्या में रामभक्त सम्मिलित हुए। शोभा यात्रा में आर पी रेजिडेंशियल स्कूल के छात्रों द्वारा निकाली गई राम सीता की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। राम सीता के रथ के पीछे बंदरों की टोली चल रही थी उसके पीछे बाइक पर सवार रामभक्त के द्वारा जय श्रीराम के नारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो रहा था। इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। शोभा यात्रा आकर्षण का केन्द्र बना रहा।

### बाइक शोभा यात्रा निकाल विहिप व बजरंग दल ने दी शहरवासियों को रामनवमी की बधाई

## नगर पंचित मां काली आश्रम से निकाली भव्य शोभा यात्रा

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिला मुख्यालय स्थित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकताओं द्वारा रामनवमी के मौके पर विशाल बाइक शोभा यात्रा निकाला गया।

यह शोभायात्रा नगर पंचित मां काली आश्रम मंदिर से निकल कर जय श्रीराम के जय घोष के साथ पूरे शहर मे भ्रमण किया। शोभा यात्रा में सैकड़ो की संख्या में बाइक सवार युवक अपने हाथों में भगवा ध्वज लिए शामिल थे। उनके द्वारा लगाए जा रहे गगनभेदी नारों से माहौल श्रीराममय बन गया था। शोभा यात्रा का नेतृत्व विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार एवं बजरंग दल संयोजक संटू मित्रा कर रहे थे। उनके साथ दर्जनों कार्यकर्ता व पीछे सैकड़ो युवा पूरे उत्साह के साथ इस शोभा यात्रा में शामिल हुए। वहीं, जगह-जगह पर श्रद्धालुओं द्वारा बाइक से शोभा यात्रा निकाल रहे विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं का स्वागत भी किया गया।

नगर पंचित मां काली आश्रम से निकला विहिप व बजरंग दल के कार्यकताओं का जत्था शक्तिद्वार, जंगल बाजार रोड, चौक रोड, राजगोला रोड, स्टेशन रोड होते हुए स्टेशन के पास स्थित पंच मंदिर तक पहुंचा तथा यहा से फिर वापस लौट संपन्न हुआ। अंत में धन्यवाद ज्ञापन मनोज केसरी एवं भाजपा जिला प्रवक्ता शक्ति राय ने किया।

बाइक शोभायात्रा में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने कहा कि डुमरांव में वर्षों से यह परंपरा निभाई जा रही है। उन्होंने कहा कि रामनवमी का त्योहार सभी सनातनियों के अराध्य प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने इस परंपरा का निर्वहन करने के लिए विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं की तारीफ की तथा जुलूस में शामिल होने वाले युवाओं का आभार जताया।

शोभा यात्रा के दौरान राजीव रंजन सिंह, अभिषेक रंजन, राजकुमार कुमार, लालजी केसरी, राजीव गुप्ता, शत्रुघ्न कुमार, अजीत कुमार, आशीष कुमार, दीपक यादव, भाजपा नेता सुजीत सिंह, गोलू कुमार, गोलू राज, संतोष कुमार, चंदन कुमार समेत सैकड़ो कार्यकर्ता व उत्साही युवा शामिल हुए।


आरा में शोभायात्रा के पूर्व युवक ने बाइक को झंडे से सजाया।


जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे लोग।

## आरा में श्रीराम की शोभायात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर हुई पुष्प वर्षा

# जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष से गूंज उठा भोजपुर

**केटी न्यूज/आरा**

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर रविवार को आरा में भव्य शोभायात्रा निकाला गया। रामनवमी को लेकर शोभायात्रा से जुड़े सदस्यों और रामभक्तों ने शहर में भव्य रूप देने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली थी। सड़क से लेकर बाजार, घर, भगवा, भगवान राम और बजरंगी पताकों से पट चुका है। पूरे शहर में बैनर पोस्टर भी लगाए गए है। रामनवमी पर पूरा आरा शहर राममय हो गया है।

दरअसल इस बार आरा में निकलने वाली शोभायात्रा का 25 वर्ष पूरे होने पर इसे ऐतिहासिक रूप देने की कोशिश की गयी है। रामगढ़िया में भगवान राम की भव्य आरती कर जुलुश की शुरूआत की गई ।25वें वर्षगांठ पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई ।

**आस्था का उमडा सैलाब सैलाबः** वहीं रविवार को भगवान श्रीराम की शोभायात्रा में आस्था का जन सैलाब उमड़ गया। रामगढ़िया में भव्य आरती के बाद शोभायात्रा आरा शहर के रामगढ़िया से निकला। आगे-आगे भगवान श्री राम तो पीछे-पीछे उनकी सेना के रूप में हनुमान स्वरूप अन्य लोगों का समूह चलता दिखा। विभिन्न मोहल्लों से झांकी निकाली गई। शोभायात्रा रामगढ़िया से बड़ी चौक, गोपाली चौक, जेल रोड,



शिवगंज, बड़ी मठिया, महादेवा, धर्मन चौक, चित्रटोली रोड, रमना रोड, महावीर टोला, करमन टोला, नवादा, स्टेशन रोड, एसपी कोठी, ब्लॉक रोड, कतिरा, पकड़ी चौक, जज कोठी होते हुए सांस्कृतिक भवन तक पहुंचेगी।

**संतश्री देवराहा शिवनाथजी महाराज के नेतृत्व में निकलती है यात्रा :** वहीं आपको बता दें कि श्रीरामनवमी शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिकालदर्शी, परम सिद्ध संतश्री देवराहा शिवनाथजी महाराज के नेतृत्व में निकलती है। इस बार 25वें वर्षगांठ पर संत श्री देवराहा शिवनाथदासजी महाराज के नेतृत्व में महाआरती के बाद भव्य हेलीकॉप्टर से पांच क्विंटल पुष्प की वर्षा की जाएगी। वहीं सेफ्टी को लेकर शोभा यात्रा की ड्रोन कैमरा से की जा रही है। वहीं सुरक्षा की बात की जाए तो विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था के लिए शहर से गांव तक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। एसडीओ और एसडीपीओ को इसकी निगरानी एवं नियंत्रण की जिम्मेवारी सौंपी गई है। शोभा यात्रा एवं जुलूस समेत अति संवेदनशील स्थान पर पूरी भीड़ की फोटोग्राफी और रिकॉर्डिंग की जा रही है।

वहीं, बड़हरा विधानसभा के सरैया गांव में भी रामनवमी को लेकर भव्य रैली निकाला गया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सोनाली सिंह के द्वारा रामभक्तो के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी। सोनाली सिंह ने सभी रामभक्त एवं ग्रामीणों को जूस,एनर्जी ड्रिंक,शरबत एवं पानी पिलाया । उसके बाद श्रीराम के नारे के साथ श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया। सोनाली सिंह ने बताया कि बड़हरा विधानसभा के ग्रामीण समेत पूरे जिलेवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दे देती हूं। मैं अपने जनता की एक छोटी सी सेवा में लगी हूं। मैं संदेश देना चाहती हूं कि सभी जाति,धर्म से उठकर आगे आना चाहिए,देखिए आज बाजार में कितना रौनक है। इस समय कौन हिन्दू,मुस्लिम है ये कुछ नहीं समझ में आ रहा है। सब एक साथ खड़े है।

### डॉ. अर्चना सिंह ने की प्रभु श्रीराम की आरती

आरा। शहर के डीटी रोड में नगर रामलीला समिति ट्रस्ट द्वारा रविवार को रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान भक्तों के स्वागत में स्टॉल लगाया गया। जहां राम भक्तों को पेठा तथा शुद्ध जल का वितरण किया गया। इस मौके पर नगर रामलीला समिति ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने प्रभु श्रीराम की आरती की। उन्होंने कहा कि आज रामनवमी शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुएं, जो आरा के लिए गौरव की बात है, उन्होंने कहा कि राम भक्त संयमित तरीके से अपनी-अपनी झांकी को लेकर निकले। नगर रामलीला समिति ट्रस्ट द्वारा राम भक्तों के बीच पेठा तथा शुद्ध पानी का बोतल वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि नगर रामलीला समिति ट्रस्ट आगे भी कई तरह के धार्मिक व सामाजिक कार्य में अपनी सहभागिता निभाएंगा।

### गंगा नदी में डूबने से युवक की मौत

**आरा।** जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के मझौली गांव स्थित गंगा नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा।जानकारी के अनुसार मृतक कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के त्रिभुआनी गांव निवासी सोहन गोड़ का 24 वर्षीय पुत्र जितेंद्र गोड़ है। वह गुजरात के अहमदाबाद में स्थित प्राइवेट कंपनी में काम करता था। इधर मृतक के भाई शत्रुधन ने बताया कि रामनवमी पूजा को लेकर गांव के लड़कों के साथ वह मझौली घाट पर कलश में गंगाजल लाने के लिए गया था। उसी दौरान वह गंगा नदी में डूब गया। इसके बाद वहां नहा रहे लोगों द्वारा जाल लगाकर उसे पानी से बाहर निकल गया। इसके बाद परिजन एवं डायल 112 नंबर पुलिस वाहन के सहयोग से उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देखा उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी।

### जेल से निकलने के बाद पति रोहित ने पत्नी पर लगाए कई संगीन आरोप

**केटी न्यूज/आरा**

उत्तर प्रदेश के शामली में तैनात डिप्टी एसपी श्रेष्ठा ठाकुर का मामला एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया है। श्रेष्ठा ठाकुर के पूर्व पति रोहित कुमार सिंह ने मीडिया के सामने अपनी चुप्पी तोड़ी है। रोहित ने अपनी पूर्व पत्नी श्रेष्ठा ठाकुर द्वारा लगाए गए आरोपों पर अपनी बात मीडिया के समक्ष रखी है। साथ ही अपनी पूर्व पत्नी पर कई संगीन आरोप लगाए है। दरअसल शनिवार को बिहार आरा शहर में रोहित कुमार सिंह ने एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया। जिसमें रोहित ने अपनी पूर्व पत्नी द्वारा लगाए गए आरोपों को झूठा बताते हुए पत्नी पर ही कई आरोप लगाए है।



रोहित ने बताया कि 2017 में एक दोस्त के जरिए फेसबुक पर श्रेष्ठा ठाकुर से बात होने लगी। श्रेष्ठा ने रोहित हो फ्रेंड रिक्वेस्ट सेंड किया था। उसी समय से रोहित और श्रेष्ठा की बात करने लगे थे। दोनों ने करीब दो महीने तक चैटिंग किया फिर नजदीकियां बढ़ी। तो रोहित ने अपना नंबर श्रेष्ठा को दिया। उसके बाद दोनों की रजामंदी हुई और दोनों ने लखनऊ में मिलने का प्लान बनाया। फिर अगस्त के महीने में रोहित और श्रेष्ठा लखनऊ के एक होटल में मिले। रोहित के अनुसार दोनों ने उस होटल में एक ही कमरे में रात गुजारी थी।

रोहित ने बताया कि श्रेष्ठा ठाकुर के साथ उनकी यह पहली मुलाकात थी। जिसके सुबह होते ही पिस्टल के बल पर श्रेष्ठा ने रोहित को शादी करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जिसके बाद 9 अगस्त 2017 को रोहित और श्रेष्ठा ठाकुर ने लखनऊ के हजरतगंज के एक मंदिर में पहली बार शादी की।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

**आरा।** आरा-सिन्हा मार्ग पर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डुमरा गांव मोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के नरगदा गांव वार्ड नंबर 4 निवासी संजय यादव का 21 वर्षीय पुत्र रमेश कुमार यादव है। वह स्नातक का छात्र था एवं वह प्रतियोगिता की तैयारी करता था। इधर मृतक के पड़ोसी रतन चौधरी ने बताया कि उसका छोटा भाई सतीश कुमार सीआईएसएफ में है और वह मध्य प्रदेश के खजुराहो में पोस्टेड है। वह छुट्टी लेकर शनिवार की देर शाम घर वापस आ रहा था। वह अपने भाई सतीश कुमार को रिसीव करने के लिए वह बाइक से अपने गांव से आरा स्टेशन जा रहा था। उसी दौरान डुमरा गांव मोड़ के स्मीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

## भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर बड़हरा विधायक ने की कार्यक्रम की अगुवाई

# कार्यकताओं के बल पर आज देश की बड़ी बनी है भारतीय जनता पार्टीः बड़हरा विधायक

**केटी न्यूज/आरा**

भारतीय जनता पार्टी स्थापना के 45 वर्ष पूरा होने पर 46 वाँ स्थापना दिवस भोजपुर के सभी कार्यकताओं द्वारा मनाया गया। बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सहि अपने आरा आवास पर क्षेत्र के जनता और कार्यकताओं के साथ पार्टी का झंडा फहरा कर मनाया।

इस खुशी और हर्ष के अवसर पर कार्यकताओं और जनता के बीच मिष्टान्न खिलाया गया। उस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद, नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद, अटल बिहारी वाजपेयी अमर रहे आदि नारे लगाए



गए। कार्यकताओं और जनता के साथ पं. दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी को याद करते हुए श्रद्धांजलि दिया गया। वहीं, स्थापना दिवस के अवसर पर विधायक ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी कार्यकताओं के बल पर बड़ी पार्टी है। आज देश मे नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बना है और देश विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर है। भाजपा का उद्देश्य अंत्योदय है और आज सबका साथ, सबका विकास हो रहा है। भाजपा एक अनुशासित और संगठित पार्टी है।इस पार्टी में एक कार्यकर्ता ही मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनता है। सभी कार्यकताओं को पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में आशु सिंह, उज्जवल सिंह, पप्पु सिंह, भोलू सिंह, निलेश पांडेय, कुंदन सिंह, आकाश सिंह, सत्यदेव सिंह, पैक्स अध्यक्ष, रोहन पांडेय, अभय पांडेय, रौशन, शुभम सहि, हरिहर सिंह, असलम आलम, जवाहिर केसरी आदि थे।






## संक्षिप्त समाचार

### आयुष्मान घोटाला मामले में ईडी की छापामारी पूरी, रेड में कैश सहित बरामद हुए ये सामान

रांची, एजेंसी। आयुष्मान भारत योजना में हुए घोटाला मामले की जांच कर रही श्वष्ठ की छापामारी शनिवार को समाप्त हो गई। तीन राज्यों झारखंड, बंगाल व दिल्ली में 21 ठिकानों पर चली इस छापामारी में जिला समन्वयक आशीष रंजन के आवास से 16 I5 लाख रुपये नकद की बरामदगी हुई है। वहीं, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के पीएस ओमप्रकाश के घर से दो लाख रुपये नकद की जब्ती हुई है। आशीष रंजन रांची के सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना में पदस्थापित हैं ।ईडी के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस छापामारी में विभिन्न ठिकानों से ईडी ने कई जमीन व फ्लैट्स के कागजात भी जब्त करने की कार्रवाई की है, जिसकी जांच चल रही है। ईडी ने लैपटॉप व मोबाइल की भी जब्ती भी की है, जिसका विश्लेषण किया जा रहा है। ईडी ने थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर कार्यालय से भी डिजिटल उपकरण को जब्त किया था, जिसकी जांच जारी है। यह भी जांच की जा रही है कि किन-किन मरीजों का आयुष्मान भारत योजना के तहत क्लेम स्वीकृत हुआ था। मरीजों का नाम मिलने के बाद उनकी भी पहचान की जा सकती है ।ईडी जिला समन्वयक आशीष रंजन की नियुक्ति और उनके प्रमाण पत्रों की भी जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए अर्हता से संबंधित जो प्रमाण पत्र दिया है, वह संदिग्ध है, जिसकी जांच जारी है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

### इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम को कारगर बनाने की कवायद, डीजीपी ने जारी किए कई निर्देश

रांची, एजेंसी। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम को लेकर कई निर्देश जारी किए हैं। खासकर डायल 112 को और बेहतरीन और उसके रिस्पांस टाइम को और कारगर करने का निर्देश डीजीपी ने दिया है ताकि पुलिस से मदद मांगने वाले लोगों को त्वरित मदद मिल सके। झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने ईआरएसएस यानी इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम और डायल 112 की सेवाओं को लेकर समीक्षा की। समीक्षा में विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, वृद्धों को आपातकालिन परिस्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करने के साथ-साथ एम्बुलेंस और फायर बिग्रेड सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर बल दिया गया। अपराध की वारदात, आग लगने, दुर्घटना, महिला उत्पीड़न, घरेलु हिंसा, बाल अपराध, मेडिकल इमरजेंसी जैसी सूचना डायल 112 पर मिलने पर त्वरित गति से कार्रवाई करना सुनिश्चित करना। प्रत्येक जिले में नोडल पदाधिकारी (पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी) डायल 112 की नियमित समीक्षा करेंगे। साथ ही आपातकालीन सेवाओं को डायल-112 से जोड़ने के लिए वांछित कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। आम जनता के बीच डायल-112 के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सार्वजनिक स्थल के साथ-साथ ऑटो रिक्शा, सिटी बस, महिला महाविद्यालय, बैंक, अस्पताल, एटीएम, कोचिंग सेंटर और विद्यालय आदि स्थानों क्यूआर कोड लगाएं। डायल-112 में हुए कार्रवाई के संबंध में सभी जिला के नोडल पदाधिकारी यथा-पुलिस उपाधीक्षक फीडबैक लेना सुनिश्चित करेंगे।

### वित्तीय वर्ष 2024-25 में विवि शिक्षकों को 1I92 अरब रुपए दिए गए एरियर

रांची, एजेंसी। रांची यूनिवर्सिटी में वित्तीय वर्ष 2024-25 में शिक्षकों और स्टाफ को सबसे अधिक एरियर राशि का भुगतान किया है। यूनिवर्सिटी के इतिहास में इतनी बड़ी राशि का भुगतान पहले कभी नहीं किया गया था। एक सप्ताह पहले समाप्त हुए वित्तीय वर्ष (2024-25) में लगभग 1 I92 अरब रुपए का एरियर भुगतान विवि शिक्षकों और स्टाफ को किया गया है। यूनिवर्सिटी के एरियर भुगतान से संबंधित रिकार्ड देखने से पता चला है कि इसमें नव अंगीभूत कॉलेज, अंगीभूत कॉलेज, अल्पसंख्यक कॉलेज और पीजी विभागों के शिक्षकों और कर्मचारियों को एरियर भुगतान किया गया है ।इसके अलावा झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) से प्रमोशन मिलने और वेतन निर्धारण के बाद संबंधित शिक्षकों को एरियर का भुगतान किया गया है। वीसी डॉ। अजीत कुमार सिन्हा के निर्देश के आलोक में फाइनेंस विभाग में एरियर भुगतान से संबंधित लंबित प्रस्ताव का तेजी से निष्पादित किया गया, जिसकी मॉनिटरिंग वित्त पदाधिकारी डॉ। प्रीतम कुमार कर रहे थे।

# बीएफसीएल प्लांट के खिलाफ सड़क पर उतरी महिलाएं, पॉल्यूशन जीरो कराने की मांग



**रामगढ़, एजेंसी।** मरार इंडस्ट्रियल एरिया में प्रदूषण फैलाएं जाने को लेकर इलाके के 15 मोहल्ले की महिलाओं और पुरुषों ने प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में रोजाना प्रत्येक मोहल्ले से लोग जुड़ रहे हैं। इससे पहले भी प्लांट द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के साथ प्रबंधन और आम लोगों की बैठक हुई थी। जिसमें प्लांट प्रबंधन को जीरो पॉल्यूशन करने के लिए एक महीने का समय दिया था। जिसकी डेडलाइन 8 अप्रैल को खत्म हो रही है। लेकिन प्रदूषण खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है।

मोहल्ले में रहने वाली शिक्षिका प्राची झा ने कहा कि बिहार फाउंड्री और कास्टिंग लिमिटेड द्वारा फैलाया जा रहा प्रदूषण हवा में जहर घोला जा रहा है। बीएफसीएल प्लांट द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण से वे काफी प्रभावित हैं। घर के लोगों की खराश नहीं खत्म हो रही है। जीवन भर की कमाई से बनाया गया घर काला पड़ रहा है। स्किन में प्रॉब्लम हो रही है। उन्होंने कहा कि हम लोग आंदोलनकारी नहीं हैं, बल्कि रांची रोड की जनता स्वच्छ हवा की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि प्लांट के साउंड पॉल्यूशन से मोहल्ले की एक महिला का गर्भपात तक हो चुका है।

रिंकी मिश्रा और पूजा सिंह ने कहा कि उनकी समस्या को सुनने वाला कोई नहीं है। ना जिला प्रशासन के लोग और ना ही जनप्रतिनिधि, जिसके कारण उन्हें घर की चौखट लांघ कर सड़क पर उतरना पड़ा है। ग्रामीणों ने कहा कि पॉल्यूशन की समस्या से घर के लोग ही नहीं बल्कि मोहल्ले और आसपास के पूरे इलाके के लोग परेशान हैं। प्रबंधन दिन में तो प्रदूषण को ठीक रखता है, लेकिन शाम होती ही चिमनी का धुंआ आसमान को काला कर देता है।

रानी शर्मा ने कहा कि बीएफसीएल को प्रदूषण जीरो करना होगा। पिछले 10 सालों से प्रदूषण से यह पूरा इलाका झेल रहा है। 2023 से असीमित लेवल का पॉल्यूशन प्लांट द्वारा फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम महिलाएं रोड पर इसलिए हैं कि आने वाले समय में हमारे बच्चे, हमारे अभिभावक, हमारे पति और हमें फेफड़ों की बीमारी, हार्ट की बीमारी और किडनी की बीमारी से मरते हुए देखना पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन चाहे तो जीरो पॉल्यूशन कर सकता है। अगर प्रबंधन जीरो पॉल्यूशन कर लेगा तो हमें यह परेशानी झेलनी नहीं पड़ेगी।

इस मामले पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौतम ने कहा कि पॉल्यूशन के कारण बच्चों में कई तरह की बीमारी देखने को मिल रही है। सांस की बीमारी, स्किन डिजीज एलर्जी और टीवी के मरीज क्लीनिक में पहुंच रहे हैं। इस क्षेत्र में साउंड और एयर पॉल्यूशन काफी अधिक है, जो महिला प्रेग्नेंट है उन्हें भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि बीएफसीएल द्वारा फैलाया जा रहा प्रदूषण से पूरे इलाके में लगभग एक लाख लोग प्रभावित हैं। केवल प्रणीत टावर में 240 फ्लैट हैं। इस प्रदूषण से गोपीनगर, महतो टोला, सईद कॉलोनी, प्रताप नगर, सीयाराम नगर, रोबा कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, वसंत विहार, इंदिरा कालोनी, हीरक नगर, शास्त्री नगर, नईसराय, नउवाटोला, अशोक कॉलोनी के लोग प्रभावित हैं।

## अब कुलपतियों को सेमिनार में शामिल होने के लिए नहीं मिलेगा ड्यूटी अवकाश

**रांची, एजेंसी।** स्टेट यूनिवर्सिटी के कुलपतियों के लिए बड़ी खबर है। कुलपतियों को ड्यूटी लिव लेने पर राजभवन द्वारा रोक लगा दी गई है। अब राज्य के किसी विश्वविद्यालय के कुलपति ड्यूटी लिव (अवकाश) लेकर यूनिवर्सिटी के बाहर अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों के सेमिनार, वर्कशॉप समेत अन्य कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकेंगे। इस संबंध में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोश कुमार गंगवार के अतिरिक्त मुख्य सचिव नितिन मदन कुलकर्णी द्वारा गाइडलाइन जारी कर दी गई है।

इसमें ड्यूटी अवकाश, आकस्मिक अवकाश और मुख्यालय अवकाश को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि ड्यूटी अवकाश के लिए आवेदन सीधे तौर पर विश्वविद्यालय के मामलों से संबंधित होना चाहिए। अन्य संस्थानों में व्यक्तिगत क्षमता बढ़ाने को लेकर सेमिनार, वर्कशॉप, सिंपोजियम समेत अन्य कार्यक्रम भाग लेने के लिए ड्यूटी अवकाश नहीं दिया जाएगा। अभी तक राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों द्वारा राज्य के दूसरे या देश के किसी विश्वविद्यालय में शामिल होने के लिए ड्यूटी लिव लिया जाता था, जिस पर राजभवन द्वारा रोक लगा दी गई है। राजभवन के इस आदेश के आलोक में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी (बीबीएमकेयू) द्वारा नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि विवि अधिकारियों, डीन, एचओडी और शिक्षकों पर अवकाश को लेकर राजभवन द्वारा जारी गाइडलाइन लागू रहेगा।विवि रेगुलेशन में यह प्रावधान यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) और विश्वविद्यालय रेगुलेशन में ओरिएंटेशरन, रिफ्रेशर कोर्स, कांफ्रेंस, सिंपोजियम के लिए ड्यूटी लिव लेने का स्पष्ट प्रावधान है।

## झारखंड के लोगों को बड़ा झटका, घटाई गई पीएम आवास योजना की राशि

**रांची, एजेंसी।** केंद्र सरकार के नजरिए से झारखंड पठारी क्षेत्र नहीं, बल्कि एक मैदानी क्षेत्र है। इस दृष्टिकोण की झलक प्रधानमंत्री आवास योजना के वितरण में दिख रही है। पहले झारखंड के लाभुकों को 1I30 लाख रुपये की राशि आवास निर्माण के लिए दी जाती थी, लेकिन अब यह राशि घटाकर 1I20 लाख रुपये कर दी गई है। जबकि अन्य पहाड़ी क्षेत्रों जैसे हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर व लद्दाख में यह राशि 1I30 लाख रुपये ही बनी हुई है। इससे झारखंड के लाभुकों को बड़ा झटका लगा है।

यह राशि तीन किस्तों में लाभुकों को दी जाती है। पहली किस्त में 40 हजार रुपये, दूसरी में 75 हजार रुपये, और तीसरी में 5 हजार रुपये है।

पीएम आवास की राशि में कमी आने से लाभुकों को आवास निर्माण में मुश्किलें हो रही हैं। पहले से ही कम राशि में और 10 हजार रुपये की कटौती से लाभुकों के सामने बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4I19 लाख पीएम आवास बनाने का लक्ष्य है, जबकि रांची में 32 हजार आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है।इस मामले को प्रशासन और ग्रामीण विकास विभाग ने उठाया है और ग्रामीण विकास मंत्रालय को पत्र लिखकर पीएम आवास की राशि बढ़ाने का अनुरोध किया है।अबुआ आवास योजना में लाभुकों को चार किस्तों में कुल दो लाख रुपये दी जाती है। इस राशि से पीएम आवास योजना की तुलना में लाभुकों को ज्यादा सहूलियत मिलती है।

दो वित्तीय वर्षों में प्रदेश में करीब साढ़े छह लाख आवास बनाने का लक्ष्य है। अब तक 200 से ज्यादा आवासों में लाभुकों ने गृह प्रवेश कर लिया है, जबकि 1600 आवासों की छत ढलाई पूरी हो चुकी है।

# सिरमटोली रैंप को लेकर एक पक्ष ने की बैठक, दूसरे पक्ष ने किया शुद्धिकरण



**रांची, एजेंसी।** सिरमटोली में बन रहे फ्लाईओवर के रैंप को लेकर चल रहे विवाद को लेकर शनिवार को केंद्रीय सरना स्थल में दो कार्यक्रम हुए। एक पक्ष ने रैंप हटाने को लेकर बैठक की। वहीं दूसरे पक्ष ने सरहुल के दिन काला पट्टा दिखाने को लेकर शुद्धिकरण कार्यक्रम किया। केंद्रीय सरना स्थल बचाओ मोर्चा की ओर से आदिवासी समाज की महाबैठक हुई। बैठक में सरहुल शोभायात्रा में शामिल सैकड़ों खोड़हा दलों के अगुवा शामिल हुए।

पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि इस बार की शोभायात्रा में समाज के पांच लाख से भी अधिक लोग शामिल हुए। आदिवासी समाज तीन महीने से सरना स्थल के सामने बने फ्लाईओवर के रैंप को हटाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। राज्य सरकार को आदिवासी आंदोलन से कोई फर्क नहीं पड़ रहा। आदिवासी संगठनों ने संयुक्त रूप से कहा कि अब आदिवासी विधायकों के आवास का घेराव सरहुल शोभायात्रा की तर्ज पर किया जाएगा। सबसे पहले मंत्री सह विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा, फिर खिजरी विधायक राजेश कच्छप के आवास का घेराव किया जाएगा। इसके बाद भी रैंप नहीं हटाया गया तो अन्य विधायक एवं मुख्यमंत्री के आवास का भी घेराव किया जाएगा। बैठक में अगुवा कुंदरसी मुंडा, राहुल तिर्की, निरंजना हेरेंज टोप्पो, प्रेमशाही मुंडा, रवि मुंडा, पवन तिर्की, संगीता कच्छप सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए। रांची7 शनिवार को केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली में शुद्धिकरण पूजा अनुष्ठान किया गया। मुख्य पाहन रोहित हंस की अगुवाई में यह कार्यक्रम हुआ। मौके पर सैकड़ों सरना धर्मावलंबी शामिल हुए। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि रैंप संबंधी समस्या का समाधान संवाद और योजना बनाने से होगा। अवसरवादी राजनीति से बचना होगा। वहीं प्रकाश हंस ने कहा सरहुल के दिन काला पट्टा दिखाना दुर्भाग्यपूर्ण था। यह अशुभ कार्य था। समाज में गलत संदेश गया, सरहुल शोभा यात्रा प्रभावित हुई। विजय कच्छप ने कहा कि केंद्रीय सरना स्थल धार्मिक स्थल है, यहां सरहुल के दिन काला पट्टा दिखाना गीताश्री उरांव के मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है।निमा तिर्की ने कहा रैंप सबंधी मामले में अजय तिर्की को बदनाम किया जा रहा है। लोग अवसरवादी राजनीति कर रहे हैं। लोग सरना भवन में कब्जा के उद्देश्य से योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं। रैंप संबंधी समस्या पर राजनीति की जा रही है। भाजपा नेत्री आरती कुजूर, पिंकी खोया, गंगोत्री कुजूर और रवि मुंडा की उपस्थि?त यही दर्शाती है।

# क्रांतिवीर रघुनाथ महतो को शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि



**सरायकेला, एजेंसी।** सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह प्रखंड के झिमड़ी में चुआड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो का 247वां शहादत दिवस मनाया गया। क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो स्मृति समिति ओर से शनिवार को झिमड़ी के सोनाडूंगरी स्थित रघुनाथ महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में आदिवासी कुड़मी समाज के प्रदेश अध्यक्ष पद्मलोचन महतो उपस्थित थे। ज्ञात हो कि क्रांतिवीर रघुनाथ महतो का जन्म 21 मार्च 1738 को नीमडीह प्रखंड के घुंटियाडीह गांव में हुआ था। 5 अप्रैल 1778 को सिल्ली प्रखंड के लोटा गांव के समीप अंग्रेजों ने उन्हें गोली मार दी थी।

पद्मलोचन महतो ने कहा कि रघुनाथ महतो ने चुआड़ विद्रोह के माध्यम से अंग्रेजों को कड़ी चुनौती दी थी। गुरिल्ला युद्ध कला में निपुण इस वीर योद्धा ने जंगलमहल क्षेत्र में अंग्रेजों के विरुद्ध सशक्त आंदोलन खड़ा किया था। विशिष्ट अतिथि बासुदेव महतो ने कहा झाड़खंड के कई वीर सेनानियों को इतिहास में समुचित स्थान नहीं मिला है। देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी व चुआड़ विद्रोह के महानायक क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो भी उन्हीं में से एक हैं। उन्होंने झारखंड सरकार से इनकी जयंती व शहादत दिवस पर सरकारी छुट्टी घोषित करने की मांग की है।

**कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से मोहा मन :** शहादत दिवस के अवसर पर सोनडुंगरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झुमर सम्राट गोविंद लाल महतो व महिला कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बासुदेव महतो, भारत महतो, गुहिराम महतो, गणेश चंद्र महतो, फाल्गुनी महतो, साहेबराम महतो, शगुन महतो, भोलानाथ महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# पलामू में घर में घुसकर दंपती पर फायरिंग, पत्नी की मौत



**पलामू, एजेंसी।** पलामू में शनिवार की रात एक दर्दनाक वारदात सामने आई। पंडवा थाना क्षेत्र के कजरी गांव में बिहार से आए दो अपराधियों ने एक दंपती पर गोलियां चलाईं। इस हमले में पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति घायल हो गए। घटना रात के समय की है, जब रामा सिंह (50) अपनी पत्नी बबीता देवी (45) के साथ खाना खाने के लिए बैठे थे।

इसी दौरान एक व्यक्ति ने घर में घुसकर गोली चला दी। गोली बबीता देवी को लगी। आरोपी के भागने पर रामा सिंह ने पीछा किया। इस पर अपराधी ने रामा सिंह को भी गोली मार दी, जो उनके कंधे के पास लगी।

**एक आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ा :** ग्रामीणों की मदद से एक आरोपी को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गया के सलेमपुर निवासी रौशन पासवान के रूप में हुई है। दूसरा आरोपी राजा पासवान अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल दंपती को मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। गंभीर हालत में बबीता देवी को रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई।

**फायरिंग के पीछे पुरानी रंजिश :** प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यह वारदात पुरानी रंजिश का नतीजा है। रामा सिंह ने बताया कि दो साल पहले उनके बेटे नंदन सिंह का गांव के पन्ना सिंह के साथ लकड़ी का व्यवसाय था। पन्ना सिंह ने गया के अपराधियों से नंदन की पिटाई करवाकर उसे कंडा घाटी में फेंक दिया था। कुछ दिन पहले भी पन्ना सिंह ने पूरे परिवार को गोली मारने की धमकी दी थी।

**क्या कहती है पुलिस :** सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना की जांच की जा रही है। हालांकि पीड़ित की ओर से दिए गए बयान में गांव के ही एक व्यक्ति से पुरानी रंजिश की बात कही गई है। जांच जारी है।

# सांसद, बाघमारा विधायक व बीसीसीएल अधिकारियों पर रंगदारी मांगने का आरोप



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, बीसीसीएल बरोरा एरिया के जीएम पीयूष किशोर व पीओ काजल सरकार पर कोयला डीओ होल्डर कन्हाई चौहान ने गंभीर आरोप लगाए हैं। चौहान का कहना है कि इन लोगों द्वारा कोयला लोडिंग के नाम पर जबरन 1600 रुपये प्रति टन रंगदारी वसूली जा रही है।

इस संबंध में कन्हाई चौहान ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कोयला सचिव, झारखंड के डीजीपी व धनबाद डीसी माधवी मिश्रा को पत्र लिखकर शिकायत की है। यह जानकारी कन्हाई चौहान ने शनिवार को धनबाद के गांधी सेवा सदन में प्रेसवार्ता में दी। कहा कि बीसीसीएल के कोयला डिपो में ट्रक लोडिंग में सामान्य तौर पर 400 रुपये प्रति टन मजदूरी होती है। लेकिन सांसद ढुल्लू महतो, विधायक शत्रुघ्न महतो, जीएम पीयूष किशोर व पीओ काजल सरकार की मिलीभगत से यह राशि बढ़ाकर 1600 रुपये प्रति टन कर दी गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब इसका विरोध किया, तो पिछले 15 दिनों से उनके ट्रकों को लोडिंग से रोका जा रहा है। जबकि रंगदारी देने वाले ट्रकों को तुरंत लोड कराया जा रहा है। कन्हाई चौहान ने सांसद ढुल्लू महतो पर कोयला चोरी का भी गंभीर आरोप लगाया है। कहा कि सांसद अपने गांव चिटाही में अवैध कोयला खदान चला रहे हैं, जहां रोजाना रात को अवैध कोयला लोड किया जाता है। उन्होंने इसे सिर्फ रंगदारी का मामला नहीं, बल्कि बड़े पैमाने पर कोयला चोरी का संगठित खेल बताया। कहा कि सांसद और उनके सहयोगी खुलेआम नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की आवश्यकता है।

# हाटगम्हरिया में बजरंग बली के झंडे को लेकर बवाल, दुकानदार से मारपीट, पुलिस ने 1 को हिरासत में लिया



**हाटगम्हरिया, एजेंसी।** असमाजिक तत्वों द्वारा बजरंग बली के झंडे को लेकर हाटगम्हारिया मुख्य बाजार में शनिवार को विवाद उत्पन्न हो गया। बजरंग बली का झंडा अपनी दुकान से नहीं हटाने पर दुकानदार से कुछ स्थानीय लोगों ने मारपीट की।

घटना से आक्रोशित होकर दुकानदार संघ ने बाजार बंद कर दिया। पुलिस ने मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है, अन्य की पहचान की जा रही है।

घटना के संबंध में पीड़ित शुभम कुमार गुप्ता ने कहा कि शनिवार की सुबह लगभग 9 बजे कुछ लोग बगल के चाय दुकान पर बैठ कर बातें कर रहे थे। उसी समय बगल के दुकानदार मानो गोबिन्द साहू को मेरे चाय की दुकान पर भेज कर बजरंग बली का झंडा उतारने को कहा गया। इसी दौरान जैरपी गांव निवासी छोटेलाल सिंकू समेत अन्य लोगों के द्वारा मेरे दुकान में आकर बजरंग बली के झंडे को उतार कर जला देने को कहा गया। इतना कहने के तुरंत बाद छोटे लाल सिंकु ने मुझसे मारपीट करते हुए मुझे थप्पड़, लात-घूसा से मारा।

मारपीट की घटना को देखते हुए किसी ने थाना को सूचित कर दिया। तुरंत ही हाटगम्हरिया थाना की पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर मामला को शांत कराया। इसकी जानकारी अन्य दुकानदारों को होने पर तत्काल ही विरोध करते हुए हाटगम्हरिया बाजार में सभी लोगों ने दुकान को बंद करते हुए विरोध किया।

साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इसकी जानकारी होते ही सदर अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोप्पो और जगन्नाथपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राफेल डुंगडुंग घटनास्थल पर पहुंच कर सभी को समझाते हुए आरोपी की गिरफ्तारी, सुरक्षा का भरोसा दिया और बंद बाजार को खुलवाया गया।

वहीं, मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल ही फ्लैग मार्च निकालने का निर्णय लिया। सदर एसडीओ संदीप अनुराग टोप्पो और एसडीपीओ राफेल डुंगडुंग के नेतृत्व बाजार क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाल कर लोगो को शांति का संदेश दिया।

इस दौरान बीडीओ सालखु हेम्ब्रम, अंचल अधिकारी ऋषि देव कमल, अंचल निरीक्षक (पुलिस) वासुदेव मुण्डा, थाना प्रभारी हाटगम्हरिया अशोक कुमार राय, थाना प्रभारी जगन्नाथपुर संजय कुमार सिंह समेत काफी संख्या में सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# रॉबर्ट कियोसाकी ने कहा, हम मंदी में हैं

**● मंदी को अवसर में बदलने के तरीके बताए ● खुद को शिक्षित करने को बताया सबसे अच्छा निवेश**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या दुनिया में मंदी आ चुकी है क्या हम मंदी में जी रहे हैं रिच डैड पुअर डैड किताब के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी की मानें तो यह बात पूरी तरह सच है। कियोसाकी ने चेतावनी देते हुए कहा है, हम मंदी में हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह साल 2012 से लोगों को इसके बारे में बता रहे हैं। उन्होंने अपनी किताब रिच डैड्स प्रोफेसी का हवाला दिया। अब उनका कहना है कि काम करने का समय पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है।

कियोसाकी समय को एक संपत्ति बताते हैं। उन्होंने कहा, क्या सीखने और बदलाव करने में बहुत देर हो चुकी है नहीं। समय हमेशा आपके लिए एक संपत्ति है। उन्होंने पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था की आलोचना की। उन्होंने इसे स्नह्वस्रू गलती करने का डर बताया। उनके अनुसार यह डर लोगों को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने से रोकता है। उन्होंने अपनी पोस्ट में बताया है कि इस मंदी को निवेशक के जरिए बड़े अवसर में कैसे बदला जा सकता है।

**पिछली पोस्ट का किया जिक्र-** अपनी पोस्ट में उन्होंने पिछली पोस्ट का भी जिक्र किया है। कियोसाकी ने लिखा है, मैं एक्स पर अपनी पिछली पोट में स्नह्वस्रू यानी फियर ऑफ मिसिंग आउट (पीछे छूट जाने का डर) की तुलना स्नह्वस्रू यानी फियर ऑफ मेकिंग मिस्टेक्स (गलती करने का डर) से की थी। यह डर स्कूलों में सिखाया जाता है।

**किसे बताया सबसे अच्छा निवेश-** कियोसाकी का तर्क है कि आज सबसे अच्छा निवेश स्टॉक में नहीं है। बल्कि खुद को शिक्षित करने में है। वह लोगों को ज्ञान प्राप्त करने के लिए यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। लेकिन सावधानी बरतने की सलाह भी देते हैं। उन्होंने कहा, यूट्यूब कुछ सबसे बुद्धिमान लोगों तक पहुंच प्रदान करता है... लेकिन इसमें धोखेबाज पुरुष और महिलाएं भी हैं। कियोसाकी लंबे समय से केवल वॉल स्ट्रीट निवेश पर निर्भर न रहने की सलाह देते रहे हैं। अपने पहले के ट्वीट्स में, उन्होंने रियल एस्टेट, सोना, चांदी और बिटकॉइन जैसी वैकल्पिक संपत्तियों की सलाह दी है। उनका मानना है कि आर्थिक मंदी के दौरान ये सभी बेहतर विकल्प हैं।




## ...तो इस मंदी में क्या करें

कियोसाकी ने अपनी पोस्ट में बताया है कि मंदी में क्या करें। वह लिखते हैं, तथ्य यह है कि दुनिया में मंदी है। तथ्य यह है कि महंगाई बढ़ रही है और बेरोजगारी भी बढ़ रही है। सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि आप इस मंदी के बारे में क्या करने जा रहे हैं क्या यह मंदी आपको अमीर बनाएगी या गरीब चुनाव आपका है और आपकी शिक्षा का चुनाव मुफ्त हो सकता है। उन्होंने आगे लिखा है, अपना ख्याल रखें और इस मंदी को अपने जीवन की सबसे अच्छी चीज बनाएं।

## क्या है पोस्ट का मतलब

रॉबर्ट कियोसाकी लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनका मानना है कि मंदी एक अवसर है, डरने की बात नहीं। वे लोगों को पारंपरिक निवेश से हटकर सोना, चांदी और रियल एस्टेट जैसी चीजों में निवेश करने की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि वित्तीय ज्ञान होना बहुत जरूरी है।

सही जानकारी के साथ, कोई भी मंदी में भी तरक्की कर सकता है। इसलिए, कियोसाकी लोगों को सीखने और बदलाव करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उनका मानना है कि समय हमेशा आपके साथ है और कभी भी शुरुआत करने में देर नहीं होती। यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म से ज्ञान प्राप्त करें, लेकिन सावधान रहें और सही जानकारी चुनें।

# सब शेयर-शेयर चिल्लाते रहे, असली रिटर्न तो सोने ने दिया...

## 25 साल का परफॉर्मेंस हिला देगा दिमाग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निवेशकों के लिए सोना एक सुरक्षित विकल्प माना जाता है। यह उन्हें भरोसा दिलाता है कि उनका पैसा भरोसेमंद चीज में लगा है। पिछले दो सालों में और पिछले 25 सालों में भी सोने ने इक्विटी (शेयर बाजार) से बेहतर प्रदर्शन किया है। जेरोधा के सीईओ नितिन कामथ ने सोने और निफ्टी 50 के प्रदर्शन की तुलना की है। उन्होंने पाया कि 2000 से सोने ने 2,027 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, नेशनल स्टॉक



एक्सचेंज के बेंचमार्क इंडेक्स ने 1,470 प्रतिशत का रिटर्न दिया। यह दिखाता है कि सोना मुश्किल समय में भी अच्छा प्रदर्शन करता है। 2008 की आर्थिक मंदी और कोरोना महामारी के दौरान भी सोने ने अच्छा प्रदर्शन किया। कामथ का कहना है कि भारतीय निवेशकों के लिए सोना अच्छा विकल्प है। यह उन्हें अपने निवेश को अलग-अलग चीजों में बांटने में मदद करता है। अब सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए गोल्ड ईटीएफ सोने में निवेश करने का सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। कामथ ने एक चार्ट भी दिखाया जिसमें सोने और निफ्टी के प्रदर्शन की तुलना की गई। चार्ट में दिखाया गया है कि निफ्टी आर्थिक मंदी के दौरान नीचे गिर गया था, लेकिन सोना स्थिर रहा। उन्होंने कहा, कोई नहीं बता सकता कि सोने की कीमतें क्यों बढ़ती हैं, लेकिन यह काम करता है।

## 2025 में सोने की कीमत 18 प्रतिशत बढ़ी

हाल के सालों में भी सोने ने अच्छा प्रदर्शन किया है। 2025 में सोने की कीमत 18 प्रतिशत बढ़ी, जबकि निफ्टी लार्ज मिडकैप 250 में 6 प्रतिशत की गिरावट आई। 2024 में सोने ने 25 प्रतिशत का रिटर्न दिया, जबकि निफ्टी लार्जकैप 250 ने 19 प्रतिशत का रिटर्न दिया। यह दिखाता है कि सोना बाजार में अस्थिरता के समय में भी अच्छा प्रदर्शन करता है।

2005 से सोने ने हर साल औसतन 20 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। सिर्फ तीन बार ऐसा हुआ है जब सोने का रिटर्न नेगेटिव रहा है। 2023 में यह 18 प्रतिशत गिरा, 2015 में 8 प्रतिशत और 2021 में 2 प्रतिशत। कामथ ने कहा कि सोने ने इक्विटी से बेहतर रिटर्न दिया है। उन्होंने कहा, मैं तारीखों को थोड़ा बदल रहा हूं, लेकिन यह सच है कि 2000 से सोने ने निफ्टी से ज्यादा रिटर्न दिया है।

## सोने में निवेश का सबसे अच्छा तरीका

कामथ का सुझाव है कि गोल्ड ईटीएफ भारतीय निवेशकों के लिए सोने में निवेश करने का सबसे अच्छा तरीका है। खासकर अब जब स्त्रक्र उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने जेरोधा एएमसी के गोल्ड ईटीएफ GOLDCASE के लॉन्च के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि यह सही समय पर लॉन्च हुआ है, क्योंकि सोने की कीमतें बढ़ रही हैं और SGB का जारी होना बंद हो गया है।

# ईरान की मुद्रा डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर


**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान की मुद्रा रियाल शनिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर कारोबार करती दिखी। इस बीच, देश लंबी छुट्टी के बाद काम पर लौटा।

फारसी नववर्ष, नौरोज के दौरान मुद्रा बाजार बंद होने और सड़कों पर केवल अनौपचारिक व्यापार होने के कारण रियाल डॉलर के मुकाबले 1 मिलियन रियाल से अधिक गिर गया था। इससे बाजार पर अतिरिक्त दबाव बना। शनिवार को जब व्यापारियों ने काम फिर से शुरू किया, तो रियाल की दर में और गिरावट आई और यह 1,043,000 प्रति डॉलर के भाव पर पहुंच गया। इससे संकेत मिलता है कि नया निचला स्तर यहीं बना रहेगा।

ईरान की राजधानी तेहरान के फिरदौसी स्ट्रीट पर, जो देश के मुद्रा विनिमय का केंद्र है, कुछ व्यापारियों ने तो वर्तमान दर दर्शाने वाले अपने इलेक्ट्रॉनिक संकेत भी बंद कर दिए। मुद्रा कारोबारियों के बीच इस बात पर अनिश्चितता बनी हुई थी कि रियाल में और कितनी गिरावट आ सकती है।

# 74 तक टूटेगा एनएचपीसी का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनएचपीसी के शेयर लगातार कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 1 प्रतिशत से अधिक गिरकर 83.49 रुपये पर बंद हुए थे। हाइड्रो पावर कंपनी के शेयर पिछले एक साल में 10 प्रतिशत तक गिर गए



हैं। पीएसयू के शेयर की कीमत में भारी गिरावट देखी गई है, जिससे निवेशकों में चिंता बढ़ गई है। एनएचपीसी के शेयरों में तेज गिरावट ने खुदरा निवेशकों को असमंजस की स्थिति में डाल दिया है और उनके आत्मविश्वास को भी प्रभावित किया है। एनएचपीसी की कंपनी के मजबूत फंडामेंटल और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में बाजार हिस्सेदारी के बावजूद इसके शेयर दबाव में हैं।

## क्या है टारगेट प्राइस

ब्रोकरेज फर्म कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने सेल रेटिंग और 74 के रिवाइज टारगेट प्राइस के साथ मंदी की ओर रख किया है। वहीं, सीएलएसए ने शेयर पर अपनी हाई कन्विक्शन आउटपरफॉर्म रेटिंग को बरकरार रखा है और प्रति शेयर 117 का प्राइस टारगेट दिया है। विदेशी ब्रोकरेज को यह भी उम्मीद है कि अगले चार सालों में शेयर की कीमत दोगुनी हो जाएगी।

## कंपनी के शेयरों के हाल

एनएचपीसी के शेयर की कीमत एक बार 100 रुपये के पार चली गई थी। हालांकि, अब शेयर की कीमत में गिरावट आई है और यह 90 रुपये से भी नीचे कारोबार कर रहा है। एनएचपीसी के शेयर की कीमत पिछले एक साल में 10 फीसदी गिर गई है। हालांकि, एनएचपीसी के शेयर की कीमत ने दो साल में 106 फीसदी, तीन साल में 191 फीसदी और पांच साल में 318 फीसदी का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर 52 वीक हाई प्राइस 118.40 रुपये और 52 वीक का लो 71 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 83,866 करोड़ रुपये है।

# एचएसएल ने 40 साल बाद पहली बार मुनाफा कमाया

**कंपनी कर आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए सरकार आई थी आगे**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली, एजेंसी। सरकारी कंपनी हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड के लिए अच्छी खबर है। 40 साल के बाद यह कंपनी फायदे में आ गई है। कभी यह शिपयार्ड बंद होने की कगार पर था, लेकिन अब इसकी आर्थिक स्थिति सुधर गई है। यह कंपनी भारतीय नौसेना के लिए जहाज बनाती है। साथ ही पनडुब्बियों की मरम्मत का काम भी करती है। साल 2010 में रक्षा मंत्रालय ने इसे अपने हाथ में ले लिया था। उस समय इस कंपनी की हालत बहुत खराब थी।

अधिकारियों का कहना है कि 2024-25 में एचएसएल ने 1,586 करोड़ रुपये की कमाई की है। उसे 295 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। यह पिछले साल से 36 प्रतिशत ज्यादा है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि 40 सालों में पहली बार कंपनी फायदे में आई है। अब इस कंपनी को मिनीरत्न का दर्जा मिल सकता है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी है।

## सरकार ने की थी मदद

फरवरी 2010 में रक्षा मंत्रालय ने इस कंपनी को अपने नियंत्रण में ले लिया। साल 2010-11 में इसे 452.68 करोड़ रुपये की मदद दी गई थी। इससे इसे आधुनिक बनाने में मदद मिली। लेकिन फिर भी इसकी हालत खराब रही। 2014-15 तक इस कंपनी का नुकसान 1,023 करोड़ तक पहुंच गया था क्योंकि इसे ज्यादा काम नहीं मिल रहा था और कई दिक्कतें आ रही थीं।

## कैसे आई कंपनी फायदे में

कोविड-19 महामारी के कारण कंपनी को बहुत नुकसान हुआ था। लेकिन पिछले चार सालों में चीजें बदलने लगीं। नौसेना से मिले बड़े ऑर्डर और अन्य प्रोजेक्ट्स के कारण मुनाफा बढ़ा। 2023-24 में एचएसएल ने 1,413 करोड़ रुपये का कारोबार किया। 2020-21 में यह 478 करोड़ रुपये था। इस तरह कारोबार लगभग तीन गुना बढ़ गया। अधिकारियों के अनुसार कंपनी ने लागत कम करने, प्रोडक्शन बढ़ाने और नए आइडिया को बढ़ावा देने पर ध्यान दिया। पुराने मसलों को भी सुलझाया गया। साथ ही 1,253 करोड़ रुपये की देनदारियों को कम किया गया।

# स्टार्ट-अप विवाद में कूदे ईज माइ ट्रिप के सह-संस्थापक रिकांत पिट्टी, सोशल मीडिया पर लिखा पोस्ट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा स्टार्ट-अप को लेकर दिए गए बयान पर जारी विवाद में अब ईज माइ ट्रिप कंपनी के सह-संस्थापक रिकांत पिट्टी भी कूद गए हैं। रिकांत ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। इस पोस्ट में रिकांत ने अपनी कंपनी के बदलाव और इसके द्वारा यात्रा को तकनीक की मदद से नया आकार देने का जिक्र किया गया है। साथ ही केंद्रीय मंत्री की तारीफ करते हुए उनके विजन को सही बताया।

रिकांत ने अपनी कंपनी के हालिया नए अभियान ग्रीन मोबिलिटी का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने बताया कि साल 2028 में वे चार हजार इलेक्ट्रिक बसें लॉन्च करने वाले हैं। यह उनके पर्यावरण हितैषी और आत्मनिर्भर यात्रा उपायों के प्रति समर्पण का हिस्सा है। रिकांत ने लिखा कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के दूरदर्शी नेतृत्व ने हमें बड़ा सोचने और लगातार नवाचार करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने गहन तकनीक, सतत विकास और भारत के स्टार्ट अप इकोसिस्टम में नवाचार की अहमियत बताई। ईज माइ ट्रिप डॉट कॉम में हम इसे पूरी तरह से आत्मसात कर रहे हैं।


रिकांत ने बताया कि उनकी कंपनी ने योलो बस का अधिग्रहण किया है, जो उनकी कंपनी के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है। इस कंपनी ने शहरों के भीतर यात्रा की नई कल्पना की है। अब योलो बस की मदद से ईज माइ ट्रिप ने ईजी ग्रीन मोबिलिटी की शुरुआत की है। इस महत्वकांक्षी पहल के जरिए हम इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सॉल्यूशन विकसित करेंगे, जो भारत में सार्वजनिक परिवहन में क्रांतिकारी बदलाव लेकर आएंगे। ईज माइ ट्रिप भारत का दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म है।

# रूस में बायोमेट्रिक तरीके से भुगतान का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा, केवल मुस्कुराने भर से ही लेनदेन संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूरी दुनिया में जारी व्यापार युद्ध की आशंकाओं और अमेरिका के साथ अपने व्यापारिक रिश्ते में खटास के बीच रूस में आर्थिक मोर्चे पर एक बड़ा सुधार हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की पहल पर रूस में बायोमेट्रिक भुगतान का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल शुरू हो गया है। यह एक ऐसी भुगतान प्रणाली है, जिसमें यूजर्स फिंगरप्रिंट, चेहरे की पहचान या आइरिस स्कैन के जरिये सुरक्षित लेनदेन कर सकते हैं। रूस के स्बेर बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार इस तकनीक के जरिये से भुगतान की कुल राशि 31.1 करोड़ डॉलर तक पहुंच गई है। यह आंकड़ा 2024 के लेनदेन की संख्या से काफी अधिक है।

रूस में पिछले साल बायोमेट्रिक तकनीक के जरिए लगभग 2.6 करोड़ डॉलर का भुगतान किया गया था। बैंक के अनुसार देश में भुगतान के लिए बने बायोमेट्रिक टर्मिनल्स की संख्या 10 लाख से अधिक हो गई। भुगतान के लिए अब यह तकनीक देश के दूर-दराज क्षेत्रों में भी उपलब्ध है।

बैंक के अनुसार, बायोमेट्रिक भुगतान में स्माइल पेमेंट सर्विस की लोकप्रियता पूरे देश में बढ़ती जा रही है। इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल मॉस्को और पीटर्सबर्ग में होता है। रिपोर्ट में बताया गया कि नागरिकों ने 2025 के पहले तीन महीने में ही 35



मिलियन भुगतान कर लिए हैं।

स्बेर बैंक के उपाध्यक्ष दिमित्री माल्यख के अनुसार रूस दुनिया का ऐसा पहला देश बना गया है, जहां भुगतान के लिए बायोमेट्रिक तकनीक का इस्तेमाल इतने बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हो रहा है। इस तकनीक ने केवल मुस्कुराने भर से भुगतान करना संभव बना दिया है। यह सुविधा 18 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी नागरिक के लिए उपलब्ध है। 2025 के पहले तीन महीने के भुगतान की संख्या पहले ही पिछले पूरे साल के आंकड़ों को पार कर चुकी है। इस नई तकनीक को आम लोग बढ़-चढ़कर अपना रहे हैं। माल्यख ने कहा कि आमतौर पर ऐसी सुविधाओं का विस्तार तीन से चार वर्षों में पूरा होता है, लेकिन रूस में यह तकनीक 2023 की गर्मियों में लॉन्चिंग के बाद बहुत कम समय में लोकप्रिय हो गई है।

बैंक के विश्लेषण के अनुसार नई तकनीक के मुख्य यूजर 25 से 44 साल के बीच के लोग हैं। कुल उपयोगकर्ताओं में इनकी संख्या 56 प्रतिशत है। वहीं, 31 प्रतिशत यूजर्स की उम्र 45 से 64 वर्ष के बीच है। तकनीक का उपयोग करने वालों 22 से 24 साल और 65 वर्ष के ऊपर के लोग 5 प्रतिशत हैं। वहीं 18 से 21 साल के यूजर्स की संख्या महज 3 प्रतिशत है।

# मुद्रा योजना करोड़ों सूक्ष्म उद्यमियों की उम्मीदों को लगा रही पंख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल में आई फ्रैंकलिन टेंपलटन रिपोर्ट के वा अनुसार, भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के तौर पर उभर रहा है। इसलिए विकसित भारत-2047 की यात्रा में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भूमिका अत्यावश्यक है। एमएसएमई में करीब 12 करोड़ नौकरियां हैं, जो रोजगार बाजार में अहम योगदान देते हैं और देश में उद्यमिता संस्कृति को प्रोत्साहन देते हैं।

एमएसएमई के विनिर्माण क्षेत्र की रीढ़ होने के बावजूद, क्रेडिट तक पहुंच की कमी, विशेष रूप से औपचारिक चैनलों की ओर से लेंडिंग बड़ी चुनौती रही है। एमएसएमई क्षेत्र को संस्थागत वित्तपोषण की आवश्यकता है, जिससे इन अनौपचारिक उद्यमों को मुख्यधारा में लाया जा सके और अर्थव्यवस्था में आय निर्माण और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिले। 8 अप्रैल, 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और माइक्रो यूनिट्स डवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी लि. (मुद्रा लिमिटेड) का शुभारंभ




दशक में करोड़ों सूक्ष्म उद्यमियों को वित्तीय प्रणाली से क्रेडिट प्राप्त करने में सहायता की है।मुद्रा योजना ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, निजी क्षेत्र के बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, लघु वित्त बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों, सूक्ष्म वित्त संस्थानों सहित कई कर्ज देने वाली संस्थाओं के माध्यम से अब तक वंचित गैर-कॉरपोरेट, गैर-कृषि लघु व्यवसायों को सफलतापूर्वक वित्त पोषण प्रदान किया है। इसके अंतर्गत स्वीकृत और वितरित की गई संचयी राशि 33.54 लाख करोड़ रुपये और 32.76 लाख करोड़ रही, जो लगभग 53 करोड़ लोन खातों को

उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है। इसने नई नौकरियों को सुगम बनाया है और बेरोजगारी को, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, कम किया है।

बीते दशक में मुद्रा ने वित्तपोषकों को पुनर्वित्तपोषित करके छोटे व्यवसायों के विकास को प्रोत्साहन देने के अपने उद्देश्य को पूरा किया है। एसआईडीबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के तौर पर, मुद्रा लि. ने वित्तीय सेवाओं को, खासकर जमीनी स्तर पर काम करने वाले सूक्ष्म उद्यमों के लिए, अधिक सुलभ और समावेशी बनाने की दिशा में लगातार काम की है और उन्हें अपनी विकास क्षमता को उजागर करने के लिए जरूरी वित्तीय संसाधन प्रदान किए हैं।

देश के सभी जिलों में वितरित लोन के साथ, मुद्रा लोन ने क्षेत्रीय और संतुलित विकास सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। छोटे व्यवसायों की बढ़ती जरूरतों को समझते हुए सरकार ने हाल में लोन की नई श्रेणी तरुण प्लस की शुरुआत की, जो लोन की राशि को बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर देती है। इस सुधार ने उन उद्यमियों के प्रयासों को मान्यता दी, जिन्होंने असाधारण क्रेडिट योग्यता और पुनर्भुगतान क्षमता का प्रदर्शन किया है। तरुण प्लस से पहले मुद्रा लोन तीन लोन श्रेणियों के माध्यम से दिए जाते थे- शिशु: 50,000 रुपये। किशोर: 50,000 से अधिक और 5 लाख तक के लोन और तरुण...5 लाख से अधिक और 10 लाख तक के लोन। इस योजना में कार्यशील पूंजी सुविधा के रूप में सावधि लोन भी दिए जाते हैं। विभिन्न ऋण संस्थानों की ओर से उधारकर्ताओं को रुपे

## महिला उद्यमियों को मिली वित्तीय स्वतंत्रता

मुद्रा योजना के तहत 68 फीसदी महत्वपूर्ण मुद्रा लोन महिला उद्यमियों को दिए गए हैं, जिससे उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने और अपने परिवारों और समुदायों में सार्थक योगदान करने का अधिकार मिला है। इसके अतिरिक्त, समाज के कमजोर वर्ग जैसे एससी, एसटी और ओबीसी प्रमुख लाभार्थी रहे हैं, जिन्होंने मुद्रा लोन का 50 फीसदी प्राप्त किया है। मुद्रा नए उद्यमियों/लोन के साथ उद्यमशीलता की संस्कृति को भी प्रोत्साहन दे रही है। खातों को दिए गए 21 फीसदी मुद्रा लोन के साथ उद्यमशीलता की संस्कृति

# टैरिफ को लाभ में बदलने के लिए 3 साल तक पीएलआई की अवधि बढ़ाना जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के टैरिफ से पैदा हुए अवसरों का लाभ उठाने के लिए भारत को उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन यानी पीएलआई को कई और क्षेत्रों में बढ़ाने के साथ इसकी अवधि को भी तीन साल तक बढ़ाने की जरूरत है। एसबीआई की रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि इससे वैश्विक




स्तर पर भारत को निर्यात में प्रतिस्पर्धा करने में मजबूती मिलेगी। एसबीआई ने शनिवार को जारी रिपोर्ट में कहा, चीनी और भारतीय वस्तुओं पर भारी शुल्क लगाया गया है। ऐसे में भारत अमेरिकी बाजार का एक बड़ा हिस्सा हथियाने के एक दुर्लभ अवसर की ओर अपने आप को देखता हुआ पाता है। इस अवसर को विनिर्माण क्षेत्र में उछाल में बदलने जरूरत होगी। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के नए ठिकानों की तलाश के बीच भारत सरकार अपनी 23 अरब डॉलर की विनिर्माण योजना को समाप्त करने की योजना बना रही है। इस मूल 14 क्षेत्रों से आगे

## भूमि

इसकी खेती हल्की से भारी भूमि में आसानी से की जा सकती है परंतु मध्यम भूमि सर्वोत्तम होती है अच्छे जल निकास वाली भूमि होना चाहिए।



# सूरजमुखी की खेती

## खेत की तैयारी

रबी की फसल काटने के बाद एक मिट्टी पलटने वाले हल से तथा दो जुताई देशी हल से खेत को भुरभुरा बना दें जिसके ऊपर से पाटा चलाकर समतल कर लें।

## बुवाई का समय

जायद में बुवाई के लिए 15 फरवरी से मार्च अंत तक सर्वोत्तम होता है।

बीज की मात्रा एवं बोने की विधि ः संकर बीज की मात्रा प्रति हेक्टर 4.5 किलोग्राम तथा उन्नत बीजों की मात्रा 10 किलोग्राम लगती है। बीज को बुवाई से पूर्व 4 से 6 घन्टे पानी से भिगोयें। बीज को 3-4 सेंटीमीटर की गहराई पर पौधे से पौधे की दूरी 20 सेंटीमीटर तथा लाइन से लाइन की दूरी 60 सेंटीमीटर पर बोये। बुवाई के तुरंत बाद हल्की सिंचाई कर दें जिससे अंकुरण अच्छा होता है।

## बीज व किस्म का चुनाव

बीज हमेशा प्रमाणित संस्था राज्य या राष्ट्रीय बीज विकास निगम या विश्वसनीय श्रोत से खरीदें। संकर किस्म के बीज को अगली वर्ष पुनः नहीं बोये।

## उन्नत किस्में

मार्डन, जवाहर सूरजमुखी, ज्वालामुखी, दिव्यामुखी, जीकेएसएच-2002, जेएसएच-261, ईसी-68415।

## खाद व उर्वरक

बुवाई के पूर्व खेत की तैयारी के समय अच्छी सड़ी हुई गोबर खाद 8-10 टन मात्रा मिट्टी में मिला दें। सूरजमुखी की फसल को 174 किलोग्राम यूरिया, 375 किलोग्राम एसएसपी और 66 किलोग्राम तथा पोटाश तत्व प्रति हेक्टर मात्रा दें। जिसमें आधी मात्रा नत्रजन तथा फास्फोरस व पोटाश की पूरी मात्रा आधार खाद के रुप में दें तथा नत्रजन की आधी मात्र 30 दिन बाद खड़ी फसल में दे।

## सिंचाई

गर्मियों में 8-10 दिन के अंतराल पर सिंचाई आवश्यक है। साथ ही ध्यान रखें कि कली, डिस्क, फूल तथा दाना बनते समय नमी की कमी न हो।

## आवश्यक कार्य

परागण हेतु पर्याप्त सख्ंया में मधुमक्खियां फसल की फूल अवस्था में नहीं आ रही हो तो पुष्प मुंडको में बीज का समुचित विकास नहीं हो पाता है । इसके निदान के लिये खुले फूलो के मुंडको को हल्के हाथ फेरने से यह कार्य अच्छा होगा इसके बीज का जमाव ज्यादा होगा तथा पैदावार में भी वृद्धि होगी पुष्प मुंडको में हाथ फेरने का कार्य 15 से 20 प्रतिशत फूल आने पर लगभग 15 दिन तक करें।

## कटाई एवं थ्रेसिंग

जल फूल मुण्डक पीला हो जाय तब उसे काट लें। यदि पूरे मुण्डाक एक साथ नहीं पक तो 3-4 बार करके काट लें। सूखने के बाद मंडाई करें तथा मंडाई के 100 दिन के अंदर तेल निकाल लें अन्यथा नमी के कारण तेल का स्वाद अच्छा नहीं रहेगा।

## खरपतवार व मिट्टी चढ़ाई

खेत को बुवाई के 60 दिन तक खरपतवार रहित रखना आवश्यक है। यदि खरपतवार की समस्या अधिक हो तो एलाक्लोर रसायन की 1.500 किलोग्राम मात्रा का घोल बुवाई के एक दिन बाद छिड़काव करें। तथा जब घुटने के बराबर फसल हो जाय तब पक्तियों में मिट्टी चढ़ा दें जिससे तेज हवा से पौधा गिरे नहीं।

## उपज

फसल की उपज 20-25 क्विंटल आसानी से ली जा सकती है।





# कीट-रोग से करें सरसों की सुरक्षा

रबी फसलों में गेहूं व सरसों प्रमुख फसलें हैं। प्रदेश में सरसों की बोआई और गेहूं की अगेती प्रजातियों की बोआई हो चुकी है व पिछेती प्रजातियों की बोआई की जा रही है। वहीं दूसरी ओर खेतों में सरसों की फसल लहलहा रही है। इस समय किसानों को चाहिए कि फसल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरसों के खेतों में निगरानी रखें।

## कीट नियंत्रण

इस समय सरसों में चित्रित कीट व माहू कीट का प्रकोप होने का डर ज्यादा रहता है। इस में शुरू में फसलों के छोटे पौधों पर आरामक्खी की गिडारें (काली गिडार व बालदार गिडार) नुकसान पंहुचाती हैं। गिडारें काले रंग की होती हैं। जो पत्तियों को बहुत तेजी के साथ किनारों से विभिन्न प्रकार के छेद बनाती हुई खाती हैं, जिस के कारण पत्तियां बिल्कुल छलनी हो जाती हैं। रोकथाम के लिए मैलाथियान (5 फीसदी चूर्ण) 20 से 25 किलोग्राम, मैलाथियान (50 ईसी) डेढ़ लीटर किसी एक रसायन का प्रयोग प्रति हेक्टेयर की दर से करना चाहिए। सरसों में दूसरा कीट माहू यानी चेपा मुख्य होता है। जो झुंड के रूप में पत्तियों, फूलों, डंठलों, फलियों में डेन नहीं बनते हैं। यह कीट छोटा, कोमल शरीर वाला और हरे मटमैले भूरे रंग का होता है।



इस कीट का प्रकोप दिसंबर के मध्य से शुरू होता है और बादल घिरे रहने पर इस का प्रकोप तेजी से होता है। इसकी रोकथाम के लिए 1 लीटर डाइमिथिएट (30 ईसी) या 1 लीटर मिथाइल डिमेटान (25 ईसी) या 1 लीटर क्लोरोपाईरीफास (20 ईसी) रसायन का प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करने से फसल को कीट से सुरक्षित रखा जा सकता है। इस फसल में पेंटेडबग कीट जो नारंगी रंग का धब्बेदार कीट है, के शिशु और वयस्क टहनियों व कलियों से रस चूसते हैं, जिससे पौधा कमजोर हो जाता है व फलियों में दाने नहीं बनते हैं। इसकी रोकथाम के लिए पहले बताए गए कीटनाशकों का प्रयोग करना फायदेमंद होता है।

### एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन

माहू यानी चेपा की रोकथाम के लिए सितंबर के आखिरी हफ्ते से अक्टूबर के पहले हफ्ते तक अगेती प्रजातियों की बोआई कर देनी चाहिए, चेपा से प्रभावित टहनियों को दिसंबर के अंत तक तोड़ देना चाहिए। रोगग्रस्त पत्तियों को प्रकोप के शुरूआती अवस्था में ही तोड़ कर नष्ट कर देना चाहिए। झुंड वाले कीड़ों की सुंडियों या अंडों को नष्ट कर देना चाहिए। सरसों के नाशीजीवों के प्राकृतिक शत्रुओं जैसे इन्द्रगोप भृंग, क्राईसोपा, सिरफिडफ्लाई का फसल वातावरण में संरक्षण करें।

### रोग नियंत्रण

सरसों में झुलसा रोग का प्रकोप ज्यादा हो सकता है। इस रोग में पत्तियों और फलियों पर गहरे कत्थई रंग के धब्बे बन जाते हैं, जिन में गोल छल्ले केवल पत्तियों पर दिखाई देते हैं। इस रोग पर नियंत्रण करने के लिए 2 किलोग्राम मैंकोजेब (75 फीसदी) या 2 किलोग्राम जीरम (80 फीसदी) या ढाई किलोग्राम जिनेब (75 फीसदी) या 3.7 लीटर जीरम (25 फीसदी) या 3 किलोग्राम कापर ऑक्सीक्लोराइड (80 फीसदी) का 1000 लीटर पानी में घोल बना कर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। पहला छिड़काव रोग के लक्षण दिखाई देने पर और दूसरा छिड़काव पहले छिड़काव के 15 से 20 दिनों के अंतर पर करें। अधिकतम 4 से 5 बार छिड़काव करने से फसल को सुरक्षित रखा जा सकता है।

# चने में फलीभेदक का प्रकोप एवं प्रबंधन



चने की फसल पर लगने वाले कीटों में फली भेदक या चने की इल्ली सबसे खतरनाक कीट है। इस कीट के प्रकोप से चने की उत्पादकता को 20-30 प्रतिशत तक हानि होती है। अधिक प्रकोप की अवस्था में चने की 70-80 प्रतिशत तक की क्षति होती है। इस कीट की मादा पत्तियों एवं शाखाओं पर भूरे हरे रंग के एक-एक करके अंडे देती है। छोटी इल्लियां पीली भूरे रंग की होती है, जो प्रारम्भ में पत्तियों के पर्णहरिम को खाती है एवं बड़ी इल्लियाँ फूलों को खाती है जैसे-जैसे इल्ली बड़ी होती जाती है, यह फली में छेद करके अपना मुंह अंदर डालकर पूरा दाना खा लेती है।

## खेत की जुताई एवं साफ-सफाई

गर्मी में खेतों की गहरी जुताई करने से इन कीटों की भूमि में छुपे इल्लियों की शंखी या प्यूपा अवस्था में मर जाते हैं व पक्षियों द्वारा खा लिए जाते हैं। बुवाई से पहले खेतों से पुरानी फसल अवशेष खरपतवार निकाल कर नष्ट करें एवं फसल की समय से बुआई करें।

## अंतरवर्तीय फसल

चना फसल के साथ धनियों/सरसों एवं अलसी को हर 10 कतार चने के बाद 1-2 कतार लगाने से चने की इल्ली का प्रकोप कम होता है साथ ही ये फसलें मित्र कीड़ों को आकर्षित करती है एवं ध्यान रहे चने की फसल के आसपास टमाटर एवं भिंडी की फसल न लगाएं।



## प्रपंची फसल

चना फसल के चारों ओर पीला गेन्दा फूल लगाने से चने की इल्ली का प्रकोप कम किया जा सकता है। प्रौढ़ मादा कीट पहले गेन्दा के फूलों पर अन्डे देती है। अतः तोडने़ योग्य फूलों को समय-समय पर तोड़कर उपयोग करने से अण्डे एवं इल्लियों की संख्या कम करने में मदद मिलती है।

## कीटभक्षी चिड़ियों को संरक्षण



फलीभेदक एवं कटुआ कीट के नियंत्रण में कीटभक्षी चिड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इस इल्ली के परभक्षी पक्षियों जैसे काली मेना, बगुला, टिटहरी इत्यादि को आश्रय देने हेतु टी आकार की (3-4 फीट) ऊंची खूटियां 8-10 मीटर की दूरी पर प्रति हेक्टयर के हिसाब से 30-40 खूटियां लगायें एवं ध्यान रहे दाना पकते समय इन खूटीयों को खेत से निकाल लें।

## परजीवी व मित्र कीट

ट्राइकोग्रामा चिलोनिस अण्ड परजीवी के अंडे 1.5 लाख प्रति हेक्टेयर प्रति सप्ताह इल्लियों के दिखते ही फसल में चार बार छोड़ें इसके अतिरिक्त कुछ परभक्षी व परजीवी जैसे कम्पोलैटिस क्लोरिडी, ब्रेकोन, क्राइसोपा, सिरफिड मक्खी, मकडियां आदि भी मुख्यतः प्रथम व द्वितीय अवस्था में इल्लियों को नष्ट करती है इन मित्र कीटों का संरक्षण एवं प्रयोग करें।

## फेरोमोन ट्रैप

फेरोमेन ट्रेप (10-12 ट्रेप/हेक्टेयर) लगाकर नर कीटों को आकर्षित कर नष्ट कर सकते हैं जिससे इस कीट की आने वाली पीड़ी पर रोक लग सके।

## न्युक्लियर पॉली हाइड्रोसिस विषाणु

इल्ली के आक्रमण होने पर एनपीव्ही (न्यूक्लियर पाली हाइड्रोसिस वायरस ) का 250 एल.ई. (इल्लियों के बराबर) का 500 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टयर की दर से छिड़काव करें। प्रति छिड़काव यंत्र में एक चाय का चम्मच टीपल या सेण्डोविट मिलायें जो वायरस को पत्तियों की सतह पर जमा रखने में सहायक सिद्ध होता है। इसके प्रयोग पश्चात रोगग्रसित व मरी हुई इल्लियां पत्तियों व टहनियों पर लटकी हुई दिखाई देती हैं। खेतों में सतत निगरानी रखें एक मीटर लंबी कतार में 2 या अधिक इल्लियों के मिलने पर या फ़ेरोमोन ट्रेप मे 4-5 प्रोढ़ कीट लगातार 4-5 दिन फंसने से भी कीट का प्रकोप बढने़ की सम्भावना रहती है या इल्ली का प्रकोप आर्थिक क्षति स्तर से ऊपर दिखाई देता हो तो रसायनिक कीटनाशियों का प्रयोग करें इसके लिए इमामेक्टिन बेंजोएट 5 प्रतिशत एसजी 80 ग्राम प्रति एकड़ अथवा स्पाइनोसेड 45 प्रतिशत एससी 70 मिली प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें यदि बड़ी इल्लियों की अधिकता होने पर क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5 एससी 0.15 मिली प्रति लीटर या इंडोक्साकार्ब 14.5 एससी 500 मिली प्रति हेक्टयर के हिसाब से छिड़काव करें।

# दूध संबंधी रोचक बातें



## दूध क्या है?

प्रकृति में कुछ सस्तन प्राणी हैं मतलब जिन मादाओं को स्तन होते हैं उन्हें सस्तन प्राणी कहा जाता है। उदा. गाय, भैंस, बकरी, भेड़, बंदरिया, शेरनी, घोड़ी, कुतिया, बिल्ली यह मादाएं प्रसूत (ब्याने पर) होने पर उनके अयन में स्थित विशेष ऑलव्हीओलाय पेशियों में 24 गंटे दूध बनता रहता हैं। यह स्त्राव (दूध) वह अपने नवजात बच्चे को पिलाती हैं। लेकिन प्रसव उपरांत शुरूआती 4-5 दिनों तक थनों से निकलने वाले चिपचिपे पदार्थ को दूध नहीं कहते। उसे खीस या चीका (अंग्रेजी में कोलोस्ट्रम) कहते हैं। इसे पिलाने से नवजात बच्चे के शरीर में रोग-प्रतिरोधी शक्ति पैदा होती है जो उसे कई संक्रमणों से बचाती हैं। अतः जन्म के पश्चात आधे घंटे के भीतर उसे खीस पिलाना निहायत जरूरी होता है। धीरे-धीरे खीस की जगह सामान्य दूध का स्त्रवण शुरू होता है जो गाय में करीब 8-10 महिनों तक शुरू रहता है। दूध पीने से बछड़े को पोषण मिलता है।



दूध में ऐसी कौनसी चीजें होती हैं जिसके कारण उसे पीने वाले बच्चे को पोषण प्राप्त होता है? गाय के दूध में करीब 88 प्रतिशत पानी होता है और शेष 12 प्रतिशत कुल ठोस पदार्थ होते हैं। इसके दो भाग होते हैं जिनमें 3.5 प्रतिशत वसा (फॅट या मलाई) होती हैं तथा 8.5 प्रतिशत वसा विरहित घन पदार्थ होते है। इसमें प्रोटीन, दुग्धशर्करा (यानि लॅक्टोज) खनिज पदार्थ तथा विटामिन्स (यानि जीवनसत्व) होते हैं।

- भैंस के दूध में करीब 6 प्रतिशत वसा तथा 9 प्रतिशत वसा विरहित ठोस पदार्थ और 15 प्रतिशत कुल ठोस पदार्थ होते हैं।
- दूध में उपस्थित प्रोटीन से शरीर में मौजूद स्नायुओं को ताकत मिलती हैं, शरीर में संप्रेरकों का निर्माण करने में इनकी भूमिका होती है, शरीर की घिसी हुई पेशियों का मरम्मत का कार्य इनसे चलता है।
- दूध में उपस्थित लॅक्टोज (यानि दुग्ध शर्करा) से शरीर को ऊर्जा मिलती हैं। खनिजों से हड्डियां मजबूत बनती हैं, रोग प्रतिबंधक शक्ति बरकरार रहती हैं। जीवनसत्व अ बी कॉम्लेक्स, डी,ई तथा के शरीर में विभिन्न कार्य करते है। उदा.जीवन सत्व अ से आंखों का स्वास्थ्य ठीक रहता हैं दृष्टि सामान्य रहती हैं। जीवनसत्व ई तथा के प्रजनन क्षमता को बरकरार रखने में सहायक होते हैं। जीवनसत्व %बी' काम्लेक्स गुट के राइबोफ्लेबीन शर्करा के चयापचय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इससे ज्ञात होता है कि दूध पीने से स्वास्थ्य पर कई अच्छे प्रभाव होते हैं। हाल ही में राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल, हरियाणा में हुए अनुसंधान से ज्ञात हुआ है कि देशी गायों के दूध में उपस्थित होता हैं जो बहुत फायदेमंद होता हैं। भारत में ज्यादातर लोग शाकाहारी हैं। अतः उनके लिये दूध में मौजूद प्रोटीन केसीन, लॅक्टोअल्कमीन तथा लॅक्टोग्लोब्लुयीन यही अच्छे प्रोटीन के स्त्रोत हैं। अक्सर कई लोगों के जेहन में यह प्रश्न उपस्थित होता हैं कि गाय का दूध अच्छा था भैंस का? इसका जवाब यह है कि कम शारीरिक श्रम करने वाले व्यक्ति, बैठकर ज्यादातर काम करने वाले व्यक्तियों के लिये ज्यादा ऊर्जा की जरूरत नहीं होती और गाय के दूध में वसा की मात्रा कम होती हैं अतः उससे कम उर्जा प्राप्त होती हैं। अतः उनके लिए गाय का दूध पीना अच्छा होता हैं। इसके विपरीत बहुत ज्यादा शारीरिक श्रम करने वाले व्यक्तियों की शारीरिक ऊर्जा की आवश्यकता ज्यादा होती हैं। अब भैंस के दूध में वसा तथा कुल ठोस पदार्थों की मात्रा ज्यादा होने से उससे अधिक ऊर्जा प्राप्त होती हैं। अतः ज्यादा शारीरिक परिश्रम करने वाले लोगों के लिये भैंस का दूध पीना नुकसानदेह नहीं होगा और वे उसे आसानी से पचा सकते हैं।

अब सवाल यह आता है कि बूढ़े, बीमार व्यक्ति या वे व्यक्ति जिनकी पाचनशक्ति कमजोर हैं उनके लिये कौनसा दूध अच्छा हैं? तो इसका जवाब हैं बकरी का दूध। जी हाँ, क्योंकि इसका मुख्य कारण यह हैं कि बकरी के दूध में वसा के कण अत्वंत महीन(बारीक या छोटे-छोटे) होते हैं जिसकी वजह से उसे पचाना बहुत आसान होता हैं। इसे प्राकृतिक रूप से एकजीव दूध कहा जाता है वह सही है। डेयरी से प्राप्त बोतल का पॉलीथिन थैली में मिलने वाला दूध छना हुआ, कचरायुक्त, पाश्चरीकृत तथा कई बार होमीजिनाइजड, यानी एकजीव किया हुआ होता हैं अतः उसे गर्म करने पर उसकी सतह पर मलाई की परत नहीं जमती। इस दूध की रसायनिक भौतिक तथा सूक्ष्मजीवशास्त्रीय गुणवत्ता बेहतरीन होती हैं।

अर्थात् वह दूध मानवी सेवन हेतु सुरक्षित होता हैं। वहीं साफ दुग्ध उत्पादन तकनीकी' न अपनाने वाले ग्वाले के दूध में मलाई तो अच्छी मिलेगी लेकिन उसमें कई तरहके सूक्ष्मजीवाणु तथा रोगाणु होने की संभावना रहती हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### रेप का झूठा बयान देना पड़ा महंगा, तीस हजारी कोर्ट ने दिया महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का निर्देश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने एक व्यक्ति के खिलाफ बलात्कार के मामले में झूठी गवाही देने के आरोप में एक महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपी को भी बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि किसी की प्रतिष्ठा बनाने में पूरी जिंदगी लग जाती है, लेकिन उसे बर्बाद करने के लिए कुछ झूठ ही काफी होते हैं। आरोपी को बरी करते हुए अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड से स्पष्ट है कि अभियोक्ता ने इस अदालत के समक्ष झूठा बयान दिया और बलात्कार/धमकी की झूठी कहानी गढ़ी। दरअसल, उज्जैन की रहने वाली महिला ने आरोप लगाया था कि उसे आरोपी ने घूमने के लिए दिल्ली बुलाया था और नवंबर 2019 में नबी करीम इलाके के एक होटल में उसके साथ बलात्कार किया गया। एडिशनल सेशन जज अनुज अग्रवाल ने महिला द्वारा दिए गए झूठे बयान को देखते हुए आरोपी को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि हालांकि, यह कहना गलत नहीं होगा कि अगर अभियोक्ता की गवाही विश्वसनीय और भरोसेमंद पाई जाती है, तो उसे किसी स्वतंत्र पुष्टि की जरूरत नहीं होती है, लेकिन इस मामले में पीड़िता की गवाही उन कारणों से उत्कृष्ट गुणवत्ता की नहीं है, जिनकी चर्चा पहले ही की जा चुकी है। एएसजे अग्रवाल ने 4 अप्रैल के फैसले में कहा, बल्कि, रिकॉर्ड से यह स्पष्ट है कि अभियोक्ता ने इस अदालत के समक्ष झूठी गवाही दी और बलात्कार/धमकी की झूठी कहानी गढ़ी।

### गुजरात के सूरत में ऐसा क्या है खास, जिसे समझने वहां गए एनडीएमसी के उपाध्यक्ष; दिल्ली में भी करेंगे लागू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनडीएमसी (नई दिल्ली नगर पालिका परिषद) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल शनिवार को गुजरात के सूरत शहर के दौरे पर थे, जहां उन्होंने रेन वाटर हार्वेस्टिंग (बारिश का पानी जमीन में उतारने), बाढ़ प्रबंधन और स्मार्ट तरीके से शहरीकरण के मॉडल का अध्ययन किया। जिससे सीख लेकर अब वे उसे दिल्ली में भी लागू करेंगे। इस दौरे के बारे में एनडीएमसी ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए जानकारी दी, और कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य विकसित भारत के व्यापक दृष्टिकोण के तहत सूरत शहर की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना और एनडीएमसी को स्थिरता और स्मार्ट शासन का मॉडल बनाना है। कुलजीत चहल के साथ एनडीएमसी के चीफ इंजीनियर (मुख्य अभियंता) एचपी सिंह और ओएसडी (राजस्व प्रबंधन) सी.अरविंद भी सूरत पहुंचे थे। यात्रा की शुरुआत केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के साथ बैठक से हुई, इस दौरान चहल ने उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में 272 मौजूदा रैन वाटर हार्वेस्टिंग गड्ढों के पुनर्विकास और 101 नए गड्ढों के निर्माण के एनडीएमसी की कोशिशों के बारे में बताया। उन्होंने जलभराव को कम करने और ग्राउंडवाटर रिचार्ज (भूजल पुनर्भरण) में सुधार के लिए परिषद की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस दौरे का एक मुख्य आकर्षण सूरत के एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र का दौरा था, जो 2016 से चालू है। चहल ने जल आपूर्ति, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहित 30 से ज्यादा नागरिक सेवाओं को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में एकीकृत करने के लिए आइसीसीसी की तारीफ भी की। उन्होंने दिल्ली में आपदा की तैयारी और सेवा वितरण को बढ़ाने के लिए इसी तरह की तर्ज पर एनडीएमसी के आइसीसीसी को अपग्रेड करने का सुझाव दिया। एनडीएमसी की टीम ने बामरोली में टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट, ग्राउंडवाटर रिचार्ज सिस्टम और बाढ़ सुरक्षा संरचनाओं जैसे अभिनव बुनियादी ढांचों का भी दौरा किया। चहल ने बंजर भूमि को ग्रीन जोन्स (हरित क्षेत्रों) में बदलने और उपचारित जल के पुन- उपयोग को बढ़ावा देने में सूरत की सफलता पर प्रकाश डाला। चहल ने जोर देकर कहा कि एनडीएमसी सूरत की सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ एक दीर्घकालिक दृष्टि विकसित करेगी, इस दौरान एनडीएमसी को जल और ऊर्जा उपयोग में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

# दिल्ली में कई स्कूलों की मान्यता हो सकती है रद्द, लोगों में भारी आक्रोश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में निजी स्कूलों की फीस बढ़ोतरी के खिलाफ विभिन्न स्थानों से अभिभावकों ने कई शिकायतें शिक्षा निदेशालय में की हैं। पूर्वी दिल्ली, मध्य दिल्ली, उत्तरी दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली जैसे स्थानों से कई अभिभावकों ने शिकायत की है। साथ ही, कुछ अभिभावक संघ ने शनिवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से भी इस मामले में मुलाकात कर निजी स्कूलों के खिलाफ फीस बढ़ोतरी को लेकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।



अब दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग ने लोगों की शिकायतों को देखते शनिवार को देर रात को इस मामले में फैसला लेते हुए कई दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसके मद्देनजर सभी जिला अधिकारियों को शिकायत को लेकर उच्च स्तरीय जांच कर स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भी निर्देश दिए हैं। इसके तहत जिलाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि स्कूलों में फीस बढ़ोतरी के खिलाफ प्रत्येक शिकायत की वह निगरानी करेंगे और उसके बारे में पूरी जांच पड़ताल करेंगे। इस संबंध में दोषी पाए जाने वाले सभी स्कूलों की मान्यता रद्द करने का भी फैसला लिया जाएगा। इसके अलावा स्कूलों के अकाउंट का ऑडिट भी किया जाएगा, जिससे यह देखा जाएगा कि किस प्राइवेट स्कूल ने हर साल किस आधार पर बिना निदेशालय की अनुमति के अपने निजी स्कूल की फीस में बढ़ोतरी की है। जिलाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वह रिपोर्ट भी इसमें प्रस्तुत करेंगे। इस बीच शनिवार को रोहिणी सेक्टर-4 स्थित एक निजी स्कूल के बाहर कई अभिभावकों ने स्कूल की फीस बढ़ाने के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अभिभावकों ने स्कूल के खिलाफ नारेबाजी की। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना के फीस बढ़ाने की सूचना जारी कर दी। इस संबंध में निदेशालय से किसी प्रकार की कोई अनुमति नहीं ली गई। निजी स्कूल की यह व्यवस्था व फैसला बिल्कुल भी उचित नहीं है। शनिवार को सुबह से लेकर दोपहर तक काफी संख्या में अभिभावक स्कूल के प्रवेश द्वार के बाहर जुटे रहे। इस दौरान स्कूल के आसपास के क्षेत्र में सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा। दिल्ली के मॉडल टाउन के एक निजी स्कूल की फीस बढ़ाने को लेकर शनिवार को स्कूल के अभिभावक संघ ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री से अभिभावक संघ को स्कूल के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन मिला। अभिभावक संघ के प्रतिनिधि नितिन गुप्ता ने बताया कि दिल्ली में निजी स्कूल लगातार फीस बढ़ा रहे हैं। इस पर अंकुश लगाने के लिए और कोई नीति लाने की मुख्यमंत्री से मांग की। नितिन गुप्ता ने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस पर जल्द ही राज्य सरकार फैसला करेगी। मॉडल टाउन के निजी स्कूल ने बिना शिक्षा निदेशालय की अनुमति के दो शैक्षणिक सत्र में 45 फीसदी से अधिक स्कूल फीस बढ़ा दी है। बीते वर्ष बढ़ाई गई फीस के संबंध में निदेशालय की जांच समिति की रिपोर्ट में भी यह तथ्य सामने आया था कि स्कूल ने बिना निदेशालय की अनुमति के फीस बढ़ाई।

## दिल्ली में प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस के बाहर गोलीबारी

### कार में लगा दी आग, बाइक से आए थे हमलावर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एक प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस के बाहर गोलीबारी की घटना सामने आई है। बाइक से आए हमलावरों ने वहां खड़ी प्रॉपर्टी डीलर की कार में आग लगा दी। प्रॉपर्टी डीलर घटना के समय ऑफिस में नहीं थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में एक प्रॉपर्टी डीलर के दफ्तर के बाहर कुछ बाइक सवार हमलावरों ने गोलीबारी की और उसकी कार में आग लगा दी। पुलिस के अनुसार, हमलावर कथित तौर पर प्रॉपर्टी डीलर संजय तोष को धमकाने की कोशिश कर रहे थे ताकि 30 लाख रुपए वसूले जा सकें। उन्होंने बताया कि मयूर विहार के त्रिलोकपुरी इलाके में जब यह घटना हुई तब तोष अपने घर पर थे।

पुलिस के अनुसार, एक प्रत्यक्षदर्शी मोहम्मद जैद ने बताया कि तीन दोपहिया वाहनों पर सवार होकर सात से आठ लोग मौके पर पहुंचे। उनमें से तीन लोग कार के सामने रुके, पत्थरों से उसकी खिड़कियां तोड़ दीं और पेट्रोल डालकर उसमें आग लगा दी। अधिकारी ने कहा कि जब जैद ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उस पर दो गोलियां चलाई गईं। इसके अलावा हवा में और भी गोलियां चलाई गईं। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विनीत कुमार ने बताया कि दोपहर 3-45 बजे एक पीसीआर कॉल मिली थी। इसमें बताया गया था कि एक कार में आग लगा दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पाया कि एक सफेद रंग की कार में आग लगा दी गई है और उसके शीशे तोड़ दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से छह खाली कारतूस, पत्थर, पेट्रोल से भरी बोतल और माचिस बरामद की गई है। पुलिस ने घटनास्थल से एक नोट भी बरामद किया है, जिसमें तोष का नाम और फोटो है। इसमें लिखा है, संजय तोष, या तो मेरे 30 लाख रुपए लौटा दो या जुए का धंधा बंद कर दो।

## दिल्ली में लू का अलर्ट, दो दिन बहुत बुरा हाल करने वाली है गर्मी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में मौसम का मिजाज और ज्यादा गरम होने वाला है। अगले कुछ दिनों में तापमान और तेजी से बढ़ने वाला है। मौसम विभाग ने दो दिन के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान राजधानी में लू चलने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार और मंगलवार को दिल्ली में लू चल सकती है। इन दो दिनों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

दोनों ही दिन अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 20-22 डिग्री रह सकता है तो मंगलवार को 21 से 23 डिग्री रह सकता है। पहले विभाग ने शनिवार से लू की स्थिति बनने की आशंका जाहिर की थी लेकिन तेज हवाओं से फिलहाल यह स्थिति टल गई। शनिवार को 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर पश्चिमी हवाएं चलती रहीं। इससे तापमान में बहुत ज्यादा इजाफा नहीं हुआ। साथ ही प्रदूषण से भी राहत रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, शनिवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 163 रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस रहा।



## दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का आम आदमी वाला कदम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जाम और पलूशन से जूझ रही दिल्ली में वीवीआईपी मूवमेंट और नेताओं के लंबे काफिले अक्सर जनता की समस्याओं में इजाफा करते हैं। ऐसे में शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक ऐसी पहल की, जिसे देखकर हर दिल्लीवाला खुश हो जाएगा। दरअसल, सीएम रेखा गुप्ता और उनके मंत्री कार पूलिंग करते नजर आए। यहां तक कि गाड़ी भी खुद मंत्री ने ही चलाई।

दिल्ली की मुख्यमंत्री और कैबिनेट के अन्य सदस्यों को केंद्र सरकार के साथ आयुष्मान भारत योजना के लिए एमओयू साइन करने जाना था। चूंकि एक ही जगह से सभी को निकलना था और एक ही जगह पहुंचना था, इसलिए मुख्यमंत्री ने सभी के लिए अलग-अलग काफिले की बजाय एक ही साथ निकलने का फैसला किया। ऐसा करके सीएम रेखा गुप्ता ने कम से कम तीन वीवीआईपी काफिले को रोक लिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसका एक वीडियो भी एक्स पर साझा किया है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा, आज मैं और मेरी कैबिनेट के साथी, एक साथ, एक ही गाड़ी में, आयुष्मान भारत योजना के दिल्ली में क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार के साथ महत्वपूर्ण समझौते के लिए गए। ये एक सुखद अनुभव रहा! कार पूलिंग करके एक तरफ जहां रेखा गुप्ता ने वीवीआईपी कल्चर को कुछ कम किया बल्कि जनता को भी एक गंतव्य के लिए एक ही गाड़ी इस्तेमाल करने का संदेश दिया। सोशल मीडिया पर भी कई लोगों ने सीएम के कदम की तारीफ की। वीडियो में दिख रहा है कि कार पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा चला रहे हैं। उनके साथ आगे की सीट पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बैठी नजर आईं। वहीं, पीछे की सीटों पर पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा और कानून मंत्री कपिल मिश्रा थे। चारों एक ही कार में बैठकर नई दिल्ली के आकाशवाणी स्थित रंग भवन पहुंचे जहां केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की मौजूदगी में राज्य और केंद्र सरकार के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किया गया।

## रूस-यूक्रेन के युद्धबंदियों की रिहाई के लिए संघर्ष

**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष में सैकड़ों घर तबाह हो गए। हजारों लोगों को हिरासत में ले लिया गया, लेकिन आज भी हजारों यूक्रेनी नागरिकों के घर के दरवाजे और उनके परिवार के सदस्य उनका इंतजार कर रहे हैं। ऐसी ही एक घटना है जब लगभग दो साल पहले कोस्टियनटीन जिनोवकिन की मां ने अपने घर का दरवाजा खुलने की आवाज सुनी, तो उन्हें लगा कि उनका बेटा घर लौट आया है क्योंकि वह कुछ भूल गया था। लेकिन इसके बजाय, कुछ रूसी सैनिक जो बैलेक्लावा पहने हुए थे मेलिटोपोल में उनके अपार्टमेंट में घुस आए। बता दें कि यह शहर दक्षिणी यूक्रेन में है और रूसी सेना द्वारा कब्जा किया गया है।



**जिनोवकिन की रिहाई के उम्मीद में उनकी मां:** एक छोटे से उल्लंघन में हिरासत में लिए गए जिनोवकिन की जल्दी रिहा होने की उम्मीद थी। इसके बावजूद, जिनोवकिन को रिहा नहीं किया गया। हालांकि लेकिन उनकी पत्नी लिउसिएना ने बताया कि उन्होंने जिनोवकिन के घर की ऐसी तलाशी ली कि घर को अणुओं में तोड़ दिया, क्योंकि मई 2023 में उनकी गिरफ्तारी के कुछ हफ्तों बाद, रूसी अधिकारियों ने उनकी मां से कहा कि वह एक आतंकवादी हमले की साजिश रच रहे थे। अब उन पर ऐसे आरोप लग रहे हैं, जिनका उनका परिवार विरोध कर रहा है और उन्हें बेतुका मानता है।

## हिरासत में लिए गए दो ब्रिटिश सांसद, विदेश मंत्री डेविड लैमी ने जताई चिंता

**लंदन।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने शनिवार को इज़रायल में दो ब्रिटिश सांसदों की हिरासत और प्रवेश से इनकार करने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने इसे अस्वीकार्य और विपरीत परिणाम वाला कदम बताया। लैमी ने ब्रिटिश सांसदों के समर्थन का आश्वासन भी दिया और गाज़ा में संघर्ष समाप्त करने और बंदियों को मुक्त करने के लिए ब्रिटेन सरकार के निरंतर प्रयासों पर जोर दिया।

इज़रायल सरकार ने लेबर पार्टी के सांसद अबतिसाम मोहम्मद और युआन यांग को इज़रायल में प्रवेश से मना कर दिया। इज़रायली अधिकारियों के अनुसार, इन सांसदों को इसलिए रोका गया क्योंकि जांच में यह सामने आया कि उनका उद्देश्य इज़रायली सुरक्षा बलों की गतिविधियों का दस्तावेजीकरण करना और इज़रायल के खिलाफ घृणा फैलाना था। दोनों सांसदों ने दावा किया था कि वे एक आधिकारिक ब्रिटिश संसदीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं, लेकिन यह दावा गलत साबित हुआ क्योंकि किसी इज़रायली अधिकारी ने ऐसी जानकारी की पुष्टि नहीं की।

**ब्रिटिश सरकार का इज़रायल से विरोध और समर्थन-** ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी ने इज़रायली अधिकारियों से कहा कि यह ब्रिटिश सांसदों के साथ अनुचित व्यवहार है। उन्होंने कहा, यह अस्वीकार्य, विपरीत परिणाम देने वाला और गहरी चिंता का विषय है कि दो ब्रिटिश सांसदों को हिरासत में लिया गया और इज़रायल में प्रवेश से मना कर दिया गया। लैमी ने यह भी बताया कि ब्रिटिश सरकार का ध्यान गाज़ा में संघर्ष विराम और वार्ता पर है, ताकि संकट को समाप्त किया जा सके।





**इज़रायल में सांसदों के प्रवेश पर प्रतिबंध-**इज़रायल आंतरिक मंत्री मोशे अर्बेल ने फैसला किया कि इन दोनों सांसदों और उनके प्रतिनिधिमंडल को इज़रायल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा और उन्हें कानूनी प्रक्रिया के तहत देश से बाहर कर दिया गया। इस कदम ने ब्रिटिश सरकार और इज़रायल के बीच एक नया विवाद खड़ा कर दिया है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में है।

## सीनेट में रिकॉर्ड 25 घंटे भाषण के बाद पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में पहुंचे बुकर, ट्रंप की नीतियों को घेरा

**न्यू जर्सी , एजेंसी।** डेमोक्रेटिक सीनेटर कोरी बुकर ने शनिवार को सीनेट में दिए अपने भाषण का एक अंश न्यू जर्सी के एक जिम में आयोजित टाउन हॉल बैठक में पेश किया। बुकर ने लोगों से यह पता लगाने का आह्वान किया कि वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनके एजेंडे से पीछे हटाने के लिए क्या कर सकते हैं।

बुकर ने न्यू जर्सी के बर्गन कम्युनिटी कॉलेज में सवालों का जवाब दिया, जब देशभर में 1,200 से अधिक हैंड्स ऑफ प्रदर्शन आयोजित किए गए थे। कोरी-कोरी के नारेबाजी ने इस टाउन हॉल कार्यक्रम में कई बार व्यवधान भी डाला। यह बुकर का अपने गृह राज्य में इस सप्ताह के अपने भाषण के बाद पहला व्यक्तिगत कार्यक्रम था। उन्होंने ट्रंप की नीतियों के खिलाफ 25 घंटे और 5 मिनट तक सीनेट फ्लोर पर भाषण दिया था। उन्होंने 1957 के नागरिक अधिकार अधिनियम के खिलाफ सीनेटर स्ट्रॉम थर्मंड द्वारा दिए गए सबसे लंबे भाषण का रिकॉर्ड तोड़ा।



हर सवाल करने वाले ने उनसे यह पूछ कि वे राष्ट्रपति की नीतियों के खिलाफ अपनी चिंता और असहमति को कैसे व्यक्त कर सकते हैं। बुकर ने उन्हें बताया कि इसके लिए बस थोड़ी और मेहनत करनी पड़ेगी, जैसे क्या वे वाशिंगटन जाकर बजट कटौती के खिलाफ आवाज उठा सकते हैं? सबसे जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट तब सुनाई दी जब उन्होंने एक महिला के सवाल का जवाब दिया। महिला ने कहा था कि वह स्वास्थ्य कार्यक्रम में संभावित कटौती को लेकर चिंतित हैं, जो उनके ऑटिज्म से पीड़ित बेटे पर असर डाल सकती है।

बुकर ने कहा, ऐसी सभा का मतलब यह नहीं है कि हम अपनी सक्रियता यहीं खत्म कर दें। यह अमेरिका में एक ऐसा पल होना चाहिए, जब हम सभी खुद से यह सवाल करें कि मैं और क्या कर सकता हूं? बुकर ने कहा कि जो सवाल लोग उनसे पूछ रहे थे, वही सवाल चुनावों के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के दूसरे नेताओं से भी पूछे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह डेमोक्रेटिक पार्टी पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगे।

## ऑपरेशन ब्रह्मा : भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार को 442 टन खाद्य सहायता पहुंचाई

**यांगून, एजेंसी।** भूकंप से तबाह म्यांमार को मानवीय सहायता जारी रखते हुए भारत ने शनिवार को चल रहे ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत अतिरिक्त 442 टन खाद्य सहायता पहुंचाई। राहत सामग्री लेकर भारतीय नौसेना का जहाज घड़ियाल म्यांमार के थिलावा बंदरगाह पहुंचा। म्यांमार में भारतीय राजदूत अभय ठाकुर ने इसे औपचारिक रूप से यंगून के मुख्यमंत्री यू सोई थीन और उनकी टीम को सौंप दिया। यंगून में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, प्रभावित लोगों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। भारतीय नौसेना के लैंडिंग शिप टैंक आईएनएस घड़ियाल द्वारा लाई गई खाद्य सहायता (चावल, खाना पकाने का तेल, नूडल्स और बिस्कुट) की एक बड़ी खेप शनिवार को थिलावा बंदरगाह पर पहुंची। राजदूत अभय ठाकुर ने इसे यंगून के सीएम यू सोई थीन और उनकी टीम को सौंप दिया। भारत ने 28 मार्च को म्यांमार में आए विनाशकारी 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद खोज और बचाव (एसएआर), मानवीय सहायता, आपदा राहत और चिकित्सा सहायता सहित आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया।

समय फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में कार्य करते हुए, भारत ने 1 अप्रैल तक 625 टन मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) सामग्री पहुंचाने के लिए छह विमान और पांच नौसैनिक जहाज भेजे थे। पीएम मोदी ने शुक्रवार को बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान म्यांमार के प्रधानमंत्री और राज्य प्रशासन परिषद के अध्यक्ष वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात की और देश में आए विनाशकारी भूकंप के बाद की स्थिति पर चर्चा की। वरिष्ठ जनरल ने मानवीय सहायता, आपदा राहत और चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत भारत द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया।

# संजू सैमसन ने शेन वॉर्न को पीछे छोड़ा

## आईपीएल इतिहास में राजस्थान रॉयल्स के सबसे सफल कप्तान बने



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स पर 50 रन की शानदार जीत के बाद राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन फ्रेंचाइजी के सबसे सफल कप्तान बन गए हैं। मुल्लानपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में सैमसन ने कप्तान के तौर पर 32वीं जीत दर्ज की करते हुए दिग्गज शेन वॉर्न की 31 जीत को पीछे छोड़ दिया। आईपीएल के पहले सीजन 2008 में राजस्थान को खिताब दिलाने वाले वॉर्न ने 55 मैचों में 31 जीत दर्ज की थीं। सैमसन ने अब 62 मैचों में 32 जीत दर्ज की हैं जिससे रॉयल्स के सबसे सफल कप्तान के तौर पर उनकी विरासत मजबूत हुई है।

### राजस्थान रॉयल्स के कप्तान के तौर पर आईपीएल में सबसे ज़्यादा जीत

32 - संजू सैमसन (62 मैच)
31 - शेन वॉर्न (55 मैच)
18 - राहुल द्रविड़ (34 मैच)
15 - स्टीवन स्मिथ (27 मैच)
9 - अजिंक्य रहाणे (24 मैच)

### आईपीएल कप्तान के तौर पर सबसे ज़्यादा लगातार जीत

10 - गौतम गंभीर (2014-15)
8 - शेन वॉर्न (2008)
8 - श्रेयस अय्यर (2024-25)
7 - एमएस धोनी (2013)

मैच की बात करें तो घरेलू मैदान पर पहला मुकाबला खेलने उतरी पंजाब किंग्स को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शर्मनाक हार (50 रन) झेलनी पड़ी है। मुल्लांपुर के स्टेडियम में पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। राजस्थान ने जायसवाल के अर्धशतक और रियान पराग के महत्वपूर्ण रनों की बदौलत पहले खेलते हुए 4 विकट खोकर 205 रन बना लिए। जवाब में खेलने उतरी पंजाब टीम ने 43 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए। नेहल वडेहरा और मैक्सवेल ने कुछ रन बनाए लेकिन यह जीत (155-9 रन) के लिए काफी नहीं थे। पंजाब की यह सीजन में पहली हार भी है। इससे पहले खेले गए दो मुकाबलों में उन्होंने गुजरात टाइटंस को 11 रन से तो लखनऊ सुपर जायंट्स को 8 विकेट से हरा दिया था। वहीं, राजस्थान की चार मैचों में दूसरी जीत है। उन्होंने हैदराबाद और कोलकाता के खिलाफ पहले दो मुकाबले गंवा दिए थे।

# आर्चर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ पहली गेंद पर विकेट का राज खोला, मुझे उम्मीद नहीं थी...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स पर राजस्थान रॉयल्स की 50 रनों की जीत की नींव रखने वाले तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने कहा कि दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर विकेट मिलना टीम को शुरुआत से ही बढ़त दिलाने और मैदान पर मौजूद सभी खिलाड़ियों में ऊर्जा भरने में अहम भूमिका निभा सकता है। सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैचों में आर्चर ने बिना विकेट लिए क्रमशः 76 और 33 रन दिए। लेकिन आर्चर ने गुवाहाटी में चेन्नई सुपर किंग्स पर राजस्थान की जीत में 1-13 के स्पेल से खुद को साबित किया। शनिवार को मुलनपुर में आर्चर ने अपने बेहतरीन खेल का परिचय देते हुए प्रियांश आर्य और श्रेयस अय्यर को पहले ओवर में 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलता किया और फिर अर्शदीप सिंह को आउट करके राजस्थान को पंजाब के खिलाफ 3-25 के प्रभावशाली स्पेल से जीत दिलाई। आर्चर ने कहा, मैंने सोचा कि अगर मैं खिलाड़ियों को अच्छी शुरुआत दे सकता हूं, तो दूसरे छोर से गेंदबाज भी यही करेगा और उम्मीद है कि दबाव उन पर बना रहेगा। ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि गेंद को थोड़ा और स्विंग करना चाहिए था। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह इतना स्विंग नहीं करेगी, लेकिन मैं खुश हूं कि मैं पहली गेंद पर विकेट लेने में सफल रहा और लय सेट कर पाया।

# पीएसजी ने 13वीं बार लीग-1 का खिताब जीता

## ला लिगा में रियल मैड्रिड हारा, बार्सिलोना को बेटिस ने रोका

**लंदन, एजेंसी।** पीएसजी की यह 28 मैच में 23वीं जीत है और उसने दूसरे स्थान पर काबिज मोनाको पर 24 अंक की बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। पीएसजी के 74 और मोनाको के 50 अंक हैं। मोनाको को एक अन्य मैच में ब्रेस्ट ने 2-1 से हराया। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए शनिवार एंजर्स को 1-0 से हरा दिया। इसके साथ ही उसने छह मैच शेष रहते हुए ही फ्रांसीसी फुटबॉल लीग, जिसे लीग-1 भी कहा जाता है, उसका खिताब अपने नाम किया। पीएसजी का यह लीग-1 में 13वां खिताब है और इस तरह से उसने अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। वहीं, विनीसियस जूनियर पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए और इस वजह से रियाल मैड्रिड को स्पैनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने घरेलू मैदान पर वालेंसिया के हाथों 2-1 से हार का सामना करना पड़ा।





### पीएसजी की जीत है खास

पीएसजी की यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि उसने चैंपियन बनने की राह तक एक भी मैच नहीं गंवाया। ट्रॉफी अपने नाम पर सुरक्षित करने के लिए उसको एंजर्स के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी, लेकिन युवा स्ट्राइकर डेसिरे डौए के गोल की मदद से उसने जीत के साथ जश्न मनाया। मैच समाप्त होने के बाद पीएसजी के खिलाड़ियों ने कोच लुई एनरिक को कंधे पर उठा लिया। पीएसजी की यह 28 मैच में 23वीं जीत है और उसने दूसरे स्थान पर काबिज मोनाको पर 24 अंक की बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। पीएसजी के 74 और मोनाको के 50 अंक हैं। मोनाको को एक अन्य मैच में ब्रेस्ट ने 2–1 से हराया। पीएसजी ने अपने अभियान में अभी तक 80 गोल किए हैं, जबकि उसने केवल 26 गोल खाए हैं।

- **बार्सिलोना और रियल मैड्रिड को मिली हार** – बार्सिलोना के पास ला लिगा की तालिका में अपनी बढ़त मजबूत करने का सुनहरा मौका था, लेकिन लामिने यमाल और कुछ खिलाड़ियों द्वारा गोल का मौका चूकने की वजह से टीम जीत नहीं हासिल कर सकी। बार्सिलोना के लिए एकमात्र गोल गावी ने सातवें मिनट में दागा, जबकि बेटिस के लिए गोल नतान ने 17वें मिनट में किया। इसके बाद कोई गोल नहीं हो सका। वहीं, इससे पहले वालेंसिया ने शानदार खेल दिखाते हुए रियल मैड्रिड को हरा दिया। वालेंसिया के गोलकीपर जियोर्गी ममार्दशविली ने विनीसियस को शुरू में मिली पेनल्टी पर गोल नहीं करने दिया। इसके बाद 17वें मिनट में मोक्टार डायखाबी ने वालेंसिया को आगे कर दिया। विनीसियस ने 50वें मिनट में बराबरी का गोल किया। हालांकि, इंजरी टाइम यानी 90+5वें मिनट में ह्यूगो डूरो ने गोल दाग रियल मैड्रिड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस मैच के ड्रॉ छूटने से बार्सिलोना के 30 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर काबिज रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है।

# सिनर बोले-डोपिंग मामले में मेरे फिजियो की गलती

## टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद बैन हुए थे, रोम मास्टर्स से करेंगे वापसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड नंबर 1 इटालियन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर पर डोपिंग के चलते वर्ल्ड एंटी डोपिंग एसोसिएशन (वाडा) ने हाल ही में बैन लगाया था। पिछले साल उनके 2 डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद उनपर इस साल 9 फरवरी से 4 मई तक का बैन लगाया गया था। दरअसल, मार्च 2024 में हुए इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के दौरान उनके शरीर में एक क्लोस्टेबोल नामक प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया। यह पदार्थ उनके शरीर में एक स्प्रे के माध्यम से गया था। शनिवार को सिनर ने बैन के बाद स्काई स्पोर्ट्स को अपना पहला इंटरव्यू दिया। जिसमें उन्होंने कहा,

- **यह मेरे फिजियोथेरेपिस्ट की गलती थी- सिनर** – इंटरव्यू में सिनर ने कहा, यह पदार्थ मेरे फिजियोथेरेपिस्ट के स्प्रे के जरिए गलती से मेरे शरीर में आया था। इस स्प्रे को उनके फिजियो ने सिनर के एक कट को ठीक करने के लिए इस्तेमाल किया था। लेकिन इसके इस्तेमाल के दौरान वे दस्ताने पहनना भूल गए। जिसकी वजह से यह पदार्थ सिनर के शरीर में चला गया। हालांकि इस घटना के बाद सिनर ने उस फिजियोथेरेपिस्ट को हटा दिया था।
- **लगातार दूसरी बार जीता था ऑस्ट्रेलियन ओपन** – जैनिक सिनर ने इस साल जनवरी में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था। इसी के साथ उन्होंने अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। वो 2006 में फ्रेंच ओपन में राफेल नडाल के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब बरकरार रखने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।
- **रोम मास्टर्स से वापसी करेंगे सिनर** – जैनिक सिनर ने कहा कि वो अपने आगामी टूर्नामेंट के लिए तैयार होने पर ध्यान दे रहे हैं। सिनर इस साल 7 मई से शुरू हो रहे रोम मास्टर्स से अपने इंटरनेशनल करियर में वापसी करेंगे। इसके बाद वह 19 मई से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन में भी खेलते नजर आएंगे।

# आईपीएल 2025 में जसप्रीत बुमराह की वापसी

## RCB के खिलाफ मुकाबले से पहले मुंबई इंडियंस में हुए शामिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 7 अप्रैल को मुंबई इंडियंस को अपने होम ग्राउंड पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना करना है. लेकिन, उससे पहले अच्छी बात ये हुई है कि बुमराह ने टीम को जॉइन कर लिया है. हालांकि, बुमराह आईपीएल के खिलाफ मुंबई इंडियंस की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बन पाएंगे, इसे लेकर अभी सस्पेंस है.

**बुमराह कब खेलेंगे आईपीएल 2025 में पहला मैच** – बैक सर्जरी के बाद बुमराह आईपीएल के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे थे, जहां से पिछले दिनों एक रिपोर्ट में उन्हें लेकर कहा गया था कि अभी उनकी वापसी पर सस्पेंस है. लेकिन, अब बुमराह के मुंबई इंडियंस को जॉइन कर लेने की खबर सामने आ चुकी है. जहां तक बुमराह के मैच खेलने की बात है, तो फिलहाल उसे लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है. लेकिन, ऐसा माना जा रहा कि वो 13 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला खेल सकते हैं.

**2013 से मुंबई इंडियंस के साथ बुमराह** – जसप्रीत बुमराह साल 2013 से ही मुंबई के पेस अटैक की ताकत बने हैं. तब से अब तक वो मुंबई इंडियंस के लिए 133 मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 165 विकेट अपने नाम किए हैं. बुमराह बैक इंजरी के चलते आईपीएल 2023 में नहीं खेल सके थे.

# आईपीएल 2025 में जिसे किसी टीम ने नहीं खरीदा

## उस खिलाड़ी ने 150 साल में सबसे बड़ा स्कोर बनाया

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल2025 के ऑक्शन में 2 करोड़ रुपये की बेस प्राइस के साथ उतरे थे, मगर इंग्लैंड के टॉम बैंटन किसी टीम के पॉकेट में फिट नहीं बैठ सके. उन्हें कोई खरीददार नहीं मिला. लिहाजा, उन्हें आईपीएल खेलने का लाइसेंस नहीं मिला. लेकिन, वो कहते हैं ना कि जो होता है अच्छे के लिए होता है. आईपीएल 2025 में नहीं बिकने वाले बैंटन ने अब समरसेट से काउंटी के डिवीजन 1 मुकाबले में खेलते हुए 150 साल में सबसे बड़ा स्कोर बनाया है. उन्होंने ये बेमिसाल कारनामा वूर्सेस्टरशर के खिलाफ किया.

**टॉम बैंटन ने 381 गेंदों पर बनाए 344 रन** – टॉम बैंटन ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 381 गेंदों का सामना करते हुए 344 रन बनाए, जिसमें 53 चौके और 1 छक्का शामिल रहा. वो अब तक कुल 496 मिनट बैटिंग कर चुके हैं. 344 रन पर नाबाद बैंटन के सामने अब तीसरे दिन अपने स्कोर को और बड़ा करने की चुनौती होगी. उनकी कोशिश अपने स्कोर को 400 रन के पार ले जाने की होगी.

# राजस्थान रॉयल्स की सलामी जोड़ी अद्भुतः माइकल क्लार्क

**मुबंई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और टीवी कमेंटेटर माइकल क्लार्क ने टाटा आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन की जोड़ी अदभुद है और यह किसी भी मैच में पासा पलटने की कुव्वत रखती है। कुहल फैन्स मैच सेंटर लाइव ऑन जियोहॉटस्टार पर क्लार्क ने कहा, 'जायसवाल ने आज शानदार प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि वह पहले के मैचों की तुलना में शुरुआत में थोड़ा ज़्यादा सतर्क थे। कुछ अच्छे शॉट्स ने उसे आत्मविश्वास दिया और वहीं से गति पकड़ी। अगर आप उसके वैगन व्हील को देखें, तो वह पार्क के चारों ओर शॉट मारता है।

## आईपीएल 2025:

# 75 मैच में 1 बार चलते हैं, 156 के स्ट्राइक रेट वाले पंजाब किंग्स के खिलाड़ी पर संजय मांजरेकर ने साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संजय मांजरेकर ने ग्लेन मैक्सवेल के फॉर्म की तुलना हैली धूमकेतु तब की जब 36 वर्षीय खिलाड़ी शनिवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स को मुश्किल से बाहर निकालने में विफल रहा। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में खराब प्रदर्शन कर रहे पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आईपीएल में 156 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट वाला ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैली धूमकेतु की तरह है। वह 75 में से एक मैच में अच्छा प्रदर्शन करता है। मांजरेकर ने मैक्सवेल के फॉर्म को लेकर यह बात तब कही जब 36 वर्षीय खिलाड़ी शनिवार (6 अप्रैल) को मुल्लांपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब को संकट से उबारने में असफल रहे।



लक्ष्य का पीछा करते हुए सातवें ओवर में छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे मैक्सवेल बाउंड्री लगाने के लिए संघर्ष करते रहे और 21 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद मांजरेकर ने जियोहॉटस्टार पर कहा, हैली धूमकेतु सूर्य की परिक्रमा करता है और पृथ्वी से हर 75 साल में एक बार दिखाई देता है। ठीक उसी तरह ग्लेन मैक्सवेल 75 में से एक मैच में अच्छा खेलते हैं। इसे आखिरी बार 1986 में देखा गया था और अब इसे 2061 में देखा जाएगा। बल्लेबाजी में मैक्सवेल के साथ भी यही स्थिति है। ग्लेन मैक्सवेल क्रिकेट के हैली धूमकेतु हैं।

**चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं चले** – मैक्सवेल इससे पहले गुजरात टाइटंस के खिलाफ शून्य पर आउट हो गए थे। अगर उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर की गेंद पर एलबीडब्ल्यू के फैसले को रिव्यू करने का विकल्प चुना होता तो बच जाते। मैक्सवेल के फॉर्म में गिरावट चैंपियंस ट्रॉफी में देखने को मिली थी। ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में भारत से हारकर बाहर हो गया था। उन्होंने तीन मैचों में केवल 39 रन बनाए थे।

# जिसने करियर बर्बाद करने का लगाया आरोप, उसी ने अब CSK से खिलवाड़ करने को लेकर धोनी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी सवालों के कठघरे में हैं. इसके पीछे की वजह है उनका मौजूदा परफॉर्मेन्स. ना तो धोनी बड़ा स्कोर बना रहे हैं और ना ही मैच को फीनिश करते दिख रहे हैं. टीम के सफल रन चेज में अब उनका योगदान ना के बराबर दिखता है. और, ये बात सिर्फ आईपीएल 2025 की नहीं है. बल्कि पिछले सीजन में भी उनका कुछ ऐसा ही हाल था. बहरहाल, नाकाम होते धोनी पर अब पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने निशाना साधा है. उन्होंने बातों ही बातों में धोनी पर आईपीएल से खिलावाड़ करने का आरोप लगाया. घरेलू क्रिकेट में बंगाल से खेलने वाले ये वही मनोज तिवारी हैं, जिन्होंने कुछ समय पहले धोनी पर खुद का करियर तबाह करने जैसा बड़ा इल्जाम भी लगाया था.



**करियर बर्बाज करने का भी लगा चुके हैं आरोप** – संन्यास ना लेकर ष्टस्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाने वाले मनोज तिवारी ने ही धोनी पर खुद का करियर तबाह करने का भी इल्जाम लगाया था. उन्होंने कहा कि धोनी कप्तान थे. वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक लगाने और प्लेयर ऑफ द मैच बनने के बाद उन्हें और मौके मिलने चाहिए थे, जो कि नहीं मिले. उन्हें शतक लगाने के बावजूद टीम से ड्रॉप कर दिया गया. जबकि उस समय रन नहीं बना पहे विराट, रैना, रोहित को टीम में बनाए रखा गया. मनोज तिवारी के मुताबिक 6 महीनों के अंतराल में वो 14 मैचों से बाहर रहे.

- **आईपीएल 2023 के बाद धोनी को रिटायर होना चाहिए था'** – मनोज तिवारी ने क्रिकबज पर कहा कि उनकी समझ से धोनी को उसी वक्त रिटायर हो जाना चाहिए था, जब आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स ने खिताब जीता था. वैसा ना करके धोनी ने जो इज्जत कमाई थी या जो फैंस का भरोसा जीता था, पिछले सीजन से उसकी नींव हिली है, क्योंकि फैंस उनसे जैसे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं, वैसा वो अब नहीं कर पा रहे.

### ये तो खिलवाड़ है!

मनोज तिवारी ने स्टीफन फ्लेमिंग के दिए उस बयान पर भी हमला बोला, जिसके मुताबिक धोनी 10 ओवर से ज्यादा बैटिंग नहीं कर सकते. भाग नहीं सकते. पूर्व भारतीय क्रिकेटर के मुताबिक ये बात उनकी समझ से परे है कि जब बारी 20 ओवर तक फील्डिंग करने, स्टंपिंग करने और डाइव लगाकर गेंद को रोकने की आती है, तो आपके घुटने में चोट नहीं होती. लेकिन बात जब टीम को जिताने की आती है तो घुटने की चोट आड़े आ जाती है.

### टीम हित में नहीं धोनी के फैसले- मनोज तिवारी

मनोज तिवारी के मुताबिक धोनी को किसी को बताना चाहिए कि अब उनसे नहीं हो पा रहा. और, अब उन्हें संन्यास ले लेना चाहिए. उन्होंने ये भी कि उनकी समझ से ष्टस्य का सारा डिसीजन एमएस धोनी कर रहे हैं. पर वो जो डिसीजन ले रहे हैं वो टीम हित में नहीं हैं.


## अफसोस!

# एक सप्ताह में भी 100 करोड़ी नहीं हुई सिकन्दर

सलमान खान अभिनीत फिल्म सिकंदर 6वें दिन बॉक्स ऑफिस पर नीचे गिर गई है। शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, 5 दिनों में 90 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी इस फिल्म ने 6वें दिन मात्र 3.75 करोड़ रुपये कमाए। एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित सिकंदर पिछले रविवार, 30 मार्च को रिलीज़ हुई थी। फ़िल्म ने पहले तीन दिनों में 26 करोड़, 29 करोड़ और 19.50 करोड़ रुपये की कमाई करके अच्छी शुरुआत की, लेकिन बुधवार से इसमें गिरावट देखी जाने लगी। हालाँकि, अपने पहले शुक्रवार यानी 6वें दिन फ़िल्म की कमाई में गिरावट आई और सिर्फ़ 3.75 करोड़ रुपये ही कमा पाई। फ़िल्म का कुल घरेलू कलेक्शन अब 94 करोड़ रुपये हो गया है।

### भारत में सिकंदर का हर दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन देखें (स्रोत सैकनिल्क)

पहला दिन- 26 करोड़ रुपये
दूसरा दिन- 29 करोड़ रुपये
तीसरा दिन- 19.5 करोड़ रुपये
चौथा दिन- 9.75 करोड़ रुपये
पांचवां दिन- 6 करोड़ रुपये
छठा दिन- 3.75 करोड़ रुपये
कुल कलेक्शन -90 करोड़ रुपये



इससे भी बुरी बात यह है कि फिल्म में सुपरस्टार सलमान खान की मौजूदगी के बावजूद, सिकंदर को पूरे दिन में सिर्फ 7.38 प्रतिशत दर्शकों की ही मौजूदगी मिली। कलेक्शन में गिरावट की वजह शो कैंसल होना भी हो सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के खराब प्रदर्शन की वजह से सूरत, अहमदाबाद, भोपाल और इंदौर समेत कई शहरों में इसकी स्क्रीनिंग कैंसल कर दी गई। उम्मीद है कि शनिवार को आंशिक छुट्टी होने की वजह से 7वें दिन कलेक्शन में सुधार होगा। उम्मीद है कि 7वें दिन यह 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा भी पार कर जाएगी।



# रश्मिका के ट्रेनर उनसे खुश नहीं हैं

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के ट्रेनर उनसे खुश नहीं हैं और इसका कारण उनकी हाल ही में ओमान में सलालाह की यात्रा है। अपनी यात्रा के दौरान, एनिमल एक्ट्रेस इस फार्मूले पर चल रही हैं कि अच्छा खाना और हैप्पी टमी का मतलब है नाराज ट्रेनर। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम आईडी पर लिखा, अच्छा खाना + भरा हुआ और लगभग हैप्पी टमी = गुस्सा जुनैद शेख और सागर (मेरे ट्रेनर)। इस स्टनर ने कहा, मैंने यह कहीं पढ़ा था सलालाह - धूप और रेत और मुस्कुराहट की भूमि। यह कितना प्यारा लगता है! रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर कुछ फोटो भी पोस्ट की, जिसमें उन्हें पूल के किनारे शानदार भोजन का आनंद लेते हुए देखा जा सकता है। वह एक स्टाइलिश ब्लैक ड्रेस और टोपी में बहुत ही अट्रैक्टिव लग रही थीं और उन्होंने अपनी मनमोहक मुस्कान बिखेरी। हम उन्हें एक फोटो में अपनी उंगलियों से दिल का संकेत करते हुए भी देख सकते हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में, रश्मिका ने खुलासा किया कि उन्हें यकीन नहीं हो रहा है कि वह इस महीने 29 साल की हो रही हैं। पुष्पा की एक्ट्रेस, जो शनिवार 5 अप्रैल को अपना जन्मदिन मना रही हैं, ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक प्यारा सा पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपने आने वाले जन्मदिन के लिए अपनी खुशी जाहिर की। रश्मिका ने लिखा, यह मेरा जन्मदिन का महीना है और मैं बहुत उत्साहित हूं। मैंने हमेशा सुना है कि जैसे-जैसे आप बड़े होते जाते हैं, आप अपना जन्मदिन मनाने में रुचि खोने लगते हैं... लेकिन स्पष्ट रूप से मेरे मामले में ऐसा नहीं है। मैं जितनी बड़ी होती जा रही हूं, मैं अपना जन्मदिन मनाने के लिए उतनी ही उत्साहित होती जा रही हूं! मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि मैं 29 साल की होने जा रही हूं... मैंने एक और साल स्वस्थ, खुशहाल और सुरक्षित तरीके से बिताया है! अब यह जश्न मनाने लायक है! उनके द्वारा शेयर की गई फोटो में वह कैमरे की ओर देखते हुए मुस्कुराती दिख रही हैं, जो एक खुशी भरे पल को कैद कर रहा है।



# एकता कपूर ने नागिन 7 पर लगाई मुहर

एकता कपूर ने अपने प्रसिद्ध नागिन सीरियल के सातवें सीजन की पुष्टि आधिकारिक तौर पर कर दी है। एकता ने नागिन 7 को लेकर एर दिलचस्प जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया है।

### कब आएगा नागिन 7

ईद के खास मौके पर एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में एकता अपनी टीम के साथ कुछ खास बात करती नजर आईं। एकता ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, यह ईद है। ईद मुबारक। ईद मुबारक। मुझे सभी को ईदी देनी है। आगे एकता ने कहा, नागिन 7 जल्द आएगा, बहुत जल्द। एकता के इस वीडियो ने फैंस की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है।

### ईशा मालवीय हो सकती हैं अगली नागिन

एक खबर के मुताबिक, एकता के नागिन 7 में इस बार ईशा मालवीय नागिन के रोल में नजर आ सकती हैं। उडारियां और बिग बॉस 17 से प्रसिद्ध हुई ईशा अगर नागिन 7 में आती हैं, तो यह उनके करियर के लिए काफी बड़ी उपलब्धि होगी।

### नागिन सीरियल की शुरुआत

एकता कपूर के प्रसिद्ध नागिन सीरियल का पहला सीजन 2015 में शुरू हुआ था, जिसमें मौनी रॉय, अदा खान और अर्जुन बिजलानी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शको का दिल जीता था। पहले सीजन की सफलता के बाद इसके अभी तक छह सीजन आ चुके हैं। अब प्रशंसकों को नागिन 7 के आने का इंतजार है।

### नागिन सीरियल ने कई अभिनेत्रियों को दिलाई पहचान

नागिन टीवी सीरियल ने कई चेहरो को फैंस के बीच खास बनाया, जिनमें मौनी रॉय से लेकर हिना खान, अदा खान, सुरभि ज्योति, सुरभि चंदना, तेजस्वी प्रकाश और रश्मि देसाई शामिल हैं। बहरहाल, फैंस को अब नागिन 7 के आने का बेसब्री से इंतजार है।





## मलाइका अरोड़ा की ड्रेस देखकर भड़के लोग

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा 51 साल की हो चुकी हैं लेकिन वह अपनी ग्लैमरस अदाओं से यंग एक्ट्रेस को टक्कर देती हैं. वह अक्सर किसी ना किसी जगह पर स्पॉट होती हैं और उन्हें देखते ही पैपराजी के कैमरे उनकी तरफ मुड़ जाते हैं. इसके बाद मलाइका अरोड़ा की फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होते हैं. वह एक बार फिर कैमरे में कैद हुईं और उनका वीडियो सामने आया है. इसमें मलाइका अरोड़ा शॉर्ट ड्रेस पहने नजर आ रही हैं और इसको लेकर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है. आइए देखते हैं कि मलाइका अरोड़ा के वीडियो में क्या है और लोग क्या रिएक्शन दे रहे हैं.

### मलाइका अरोड़ा का वीडियो हो रहा है वायरल

मलाइका अरोड़ा एक रियलिटी शो की शूटिंग के लिए जाते समय स्पॉट हुईं और पैपराजी ने उनके कई फोटोज क्लिक किए. इस दौरान मलाइका अरोड़ा ने भी पैपराजी को निराश नहीं किया और उनके जमकर पोज दिए. उनका अंदाज सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है. इसके साथ ही मलाइका अरोड़ा की शॉर्ट ड्रेस ने लोगों का ध्यान खींचा. उनके तमाम चाहने वाले फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं. वहीं, सोशल मीडिया के तमाम यूजर्स ने मलाइका अरोड़ा को जमकर ट्रोल किया है.



# मर्दजात से बहुत नफरत करती है

## तारक मेहता का उल्टा चश्मा स्टार बबीता जी?

**तारक** मेहता का उल्टा चश्मा स्टार मुनमुन दत्ता अक्सर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं. कई बार अपने बयानों के चलते मुनमुन दत्ता विवादों में फंस चुकी हैं. एक बार तो मुनमुन दत्ता ने ये दावा कर दिया था कि उनको मर्दजात से ही नफरत है. जिसके बाद मुनमुन दत्ता ने इसके पीछे की वजह बताई थी जिसे जानकर हर कोई चौंक गया था. अपनी इस रिपोर्ट में हम आपको मुनमुन दत्ता की वही स्टेटमेंट बताने वाले हैं. एक इंटरव्यू में मुनमुन दत्ता ने खुलासा किया था कि उनके साथ बचपन में कई बार हैरेसमेंट की घटनाएं हुई हैं. इन घटनाओं ने मुनमुन दत्ता को बुरी तरह से परेशान करके रख दिया था. मुनमुन दत्ता ने बताया कि पड़ोस के चाचा मुझे गंदी नजर से घूरते थे. वो मुझे पकड़ लेते थे. धमकी देते थे कि मैं किसी से कुछ न बोलूं. उनसे मुझे बहुत डर लगता था. आगे मुनमुन दत्ता ने बताया, उस आदमी ने मुझे पैदा होते हुए देखा था लेकिन उसकी नजर गंदी थी. उसकी नजरों में मैं बड़ी हो रही थी, मेरे अंदर बदलाव हो रहे थे.मुनमुन दत्ता ने आगे कहा, मैं जिस टीचर से ट्यूशन पढ़ती थी उसने मेरे अंडरगारमेंट में हाथ डाल दिया था. उस घटना ने मेरी हालत खराब कर दी थी. मुनमुन दत्ता ने खुलासा किया, मैं जिस टीचर को राखी बांधती थी वो मेरी ब्रा स्ट्रिप खींचता था. पढ़ाते समय वो मेरे ब्रेस्ट पर थप्पर मारा करता था. मुनमुन दत्ता ने बताया, ये वही सब घटनाएं हैं जिनका मेरे दिमाग पर बहुत बुरा असर पड़ा. एक समय ऐसा आया जब मुझे मर्दजात से ही नफरत होने लग गई. मुनमुन दत्ता ने माना कि अगर आज के समय में कोई मेरे साथ ऐसी हरकत करेगा तो मैं उसे चीरकर रख दूंगी. अब सब कुछ बदल चुका है.

# 'इमरजेंसी' के लिए कंगना को मिला ये खूबसूरत तोहफा, एक्ट्रेस बोलीं- कई बेकार ट्रॉफियों से बेहतर



**अपनी** बेबाकी के लिए मशहूर कंगना रनौत ने एक बार फिर अवॉर्ड ट्रॉफी को लेकर कुछ ऐसा कहा है, जो सुर्खियां बटोर रहा है। ये बात कंगना ने अपनी फिल्म इमरजेंसी के लिए मिले एक तोहफे के बारे में जानकारी देते हुए कही। जानिए क्या है कंगना का तोहफा और उन्होंने क्या तंज कसा। कंगना रनौत की अंतिम रिलीज फिल्म 'इमरजेंसी' इन दिनों ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो रही है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई थी। लेकिन कंगना रनौत का ऐसा मानना है कि उनकी फिल्म को ओटीटी पर काफी पसंद किया जा रहा है। कंगना रनौत ने अपनी हालिया इंस्टाग्राम स्टोरी पर बताया कि उनकी फिल्म को काफी पसंद किया जा रहा है और उन्हें इसके लिए एक ऐसा गिफ्ट मिला है, जो उनके लिए कई अवॉर्ड ट्रॉफी से भी बेहतर है।

### कंगना ने इंस्टाग्राम पर साझा की स्टोरी

कंगना रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक लेटर की तस्वीर साझा की है। जिसे किसी ने कंगना के लिए लिखा है। इस लेटर में लिखने वाले ने कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की तारीफ की है। इसी लेटर को अपनी स्टोरी पर शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, यह बहुत खूबसूरत और बढ़िया है। मुझे 'इमरजेंसी' बनाने के लिए एक शानदार बुनी हुई साड़ी मिली है। ये बेकार की कई ट्रॉफियों से बेहतर है। जाहिर है कि कंगना ने अपनी इस स्टोरी में अवॉर्ड्स ट्रॉफियों को बेकार बताते हुए एक बार फिर मेन स्ट्रीम बॉलीवुड पर कटाक्ष किया है।

### 17 जनवरी को रिलीज हुई थी 'इमरजेंसी'

17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई कंगना रनौत द्वारा निर्देशित फिल्म 'इमरजेंसी' में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। इसके अलावा फिल्म में अनुपम खेर जय प्रकाश नारायण की भूमिका में नजर आए हैं, जबकि श्रेयस तलपड़े ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी का किरदार अदा किया है। फिल्म 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल यानी कि इमरजेंसी के समय को दिखाती है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी और फ्लॉप रही थी।

# पूजा बनर्जी की दूसरी बार भरी गोद

टीवी एक्ट्रेस पूजा बनर्जी दूसरी बार मां बनने वाली हैं। इस साल जून में पूजा बनर्जी के घर फिर से नन्हें बच्चे की किलाकरी गूंजने वाली है। ऐसे में एक्ट्रेस इस फेज को एंजॉय करते हुए फोटोशूट भी करवा रही हैं लेकिन वो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव भी हैं। हाल ही में उन्होंने बताया था कि मां कामाख्या देवी के आशीर्वाद से उनकी गोद फिर भर गई। पूजा ने इंस्टा पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में वह व्हाइट कलर की रेड बॉर्डर वाली साड़ी में नजर आ रही हैं। वह पूजा करती दिख रही हैं। इस वीडियो में उन्होंने बताया कि जब वो कामाख्या देवी मंदिर के दर्शन के लिए गई थीं तो उन्हें बाद में पता चला कि वो दूसरी बार प्रेग्नेंट हैं। पूजा अपनी प्रेग्नेंसी को भगवान का आशीर्वाद मानती हैं वो मानती हैं कि देवी मां की वजह से उनकी गोद भर गई है। काम की बात करें तो एक्ट्रेस को आखिरी बार बड़े अच्छे लगते हैं (2023) में देखा गया था।



# फौजी में नजर आएगी दिशा के साथ प्रभास की जोड़ी



एक खबर के मुताबिक, फौजी एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। फौजी में प्रभास और दिशा पाटनी एक साथ नजर आ सकते हैं। इस फिल्म से पहले प्रभास और दिशा की जोड़ी को प्रशंसकों ने कल्कि 2898 एडी में खूब पसंद किया था। बहरहाल, इस फिल्म का आधिकारिक नाम अभी तक तय नहीं हुआ है, तब तक इस फिल्म का संभावित नाम फौजी है।

## फिल्म में होंगी दो अभिनेत्रियां

वैसे इस फिल्म में दो अभिनेत्रियों के होने की बात सामने आई है, जिसमें इमानवी इस्माइल का नाम पहले से ही शामिल है और अब उनके अलावा इस फिल्म में दूसरी मुख्य अभिनेत्री के तौर पर दिशा पाटनी का नाम शामिल हो गया है। बहरहाल, अभी तक निर्माताओं की ओर से इस फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। फौजी के अलावा साउथ अभिनेता प्रभास स्पिरिट, द राजा साब के अलावा भी कई बड़े प्रोजेक्ट्स में नजर आएंगे। स्पिरिट का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। इस फिल्म में प्रभास एक पुलिस अफसर की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, द राजा साब एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है।

साभार एजेंसी